आप सभी को
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं

डेली
आवाज़ भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़
» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शुक्रवार , 4 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :132 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

पाकिस्तानी जेट गिराने वाले अभिनंदन ने छोड़ी एयरफोर्स

बालाकोट स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की कैद में रहे अभिनंदन अब उड़ाएंगे यात्री विमान

- अभिनंदन को प्राइवेट एयरलाइन जॉइन करने से क्या फायदा
- एयरफोर्स से करीब एक लाख पेंशन मिलेगी
- फ्लाई-91 एयरलाइन में 10 लाख से ज्यादा सैलरी हो सकती है
- भारत के दबाव में पाकिस्तान ने 60 घंटे में छोड़ा

डेली आवाज भारती

बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान 58 घंटे पाकिस्तान की कैद में रहे पूर्व ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्तमान ने एयरफोर्स से रिटायरमेंट ले लिया है। उन्होंने गोवा की प्राइवेट एयरलाइन फ्लाई-91 जॉइन कर ली है। उनका सामान्य रिटायरमेंट 2037 में होना था, जब वे 54 वर्ष के होते। न्यूज एजेंसी क्क्षढ्ढ के मुताबिक, उन्होंने 31 मार्च 2026 को वायुसेना छोड़ी और अगस्त में प्राइवेट एयरलाइन जॉइन की। करीब दो दशक की सर्विस के बाद अब वे कॉमर्शियल यात्री विमान के पायलट होंगे। अभिनंदन वायुसेना में स्ढ्ढत्न-21 फाइटर उड़ाते थे। 27 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी के स्न-16 लड़ाकू विमान को मार गिराने के दौरान उनका विमान मिसाइल की चपेट में आ गया था। जेट से इजेक्ट होकर वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में उतरे थे। क्क्षय में पाकिस्तानी फौज ने उन्हें पकड़ लिया था। भारत के जबर्दस्त दबाव के चलते करीब 60 घंटे बाद, 1 मार्च 2019 को अटारी बॉर्डर के जरिए उनकी वापसी हुई थी। 2021 में उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। ग्रुप कैप्टन अभिनंदन ने वायुसेना में 20 साल की सर्विस की है। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के मुताबिक, ग्रुप कैप्टन का मूल वेतन ` 1.40ङ्क2.18 लाख और एमएसपी ` 15,500 होता है। भत्तों को मिलाएं तो यह ज्यादा भी हो सकता है। इस हिसाब से उन्हें करीब` 88ङ्क98 हजार महीना पेंशन मिल सकती है। इसके अलावा महंगाई राहत भी मिलती है। अभिनंदन की वास्तविक पेंशन उनके अंतिम वेतन और सेवा रिकॉर्ड से तय होगी। पायलट ट्रेनिंग कराने वाले एजुकेशन प्लेटफॉर्म पायलट शाला के मुताबिक, प्राइवेट कंपनी में पायलट को हर महीने` 5 लाख से` 8 लाख सैलरी मिलती है। सीनियर कैप्टन बनने पर यह` 10 लाख+ तक हो सकती है। लेकिन अभिनंदन वायुसेना के पूर्व पायलट हैं इसलिए यह सैलरी और भी ज्यादा हो सकती है। वे ATR 72-600 विमान उड़ाएंगे। प्राइवेट सेक्टर में बेस सैलरी के अलावा प्रति घंटे उड़ान के हिसाब से मिलने वाला फ्लाइंग अलाउंस, लेओवर पे और इंटरनेशनल बोनस जैसे फायदे भी मिलते हैं। पुलवामा हमले के बाद भारत ने बालाकोट एयरस्ट्राइक की 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में CRPF के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था। इसमें 40 जवान शहीद हुए थे। इसके जवाब में भारत ने 26 फरवरी को पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक की थी। इसके अगले दिन कई पाकिस्तानी लड़ाकू विमान स्ष्ट की ओर बढ़ा। उस समय अभिनंदन श्रीनगर एयरफोर्स स्टेशन पर स्ढ्ढत्न-21 बाइसन स्क्वाड्रन में तैनात थे। वह ऑपरेशनल रेडीनेस ड्यूटी पर थे। पाकिस्तानी विमानों का पता चलने के करीब पांच मिनट बाद अभिनंदन को उन्हें रोकने के लिए भेजा गया। आधिकारिक प्रशस्ति-पत्र के मुताबिक, उन्होंने पीछे हट रहे एक दुश्मन विमान का पीछा किया और हवाई लड़ाई में उसे मार गिराया। हवाई लड़ाई के दौरान पाकिस्तानी विमान ने कई बियॉन्ड विजुअल रेंज (BVR) मिसाइलें दागीं। इनमें से एक मिसाइल अभिनंदन के विमान से टकराई। विमान को नुकसान पहुंचने के बाद अभिनंदन ने इजेक्ट किया। वह पैराशूट से पाकिस्तान के इलाके में उतरे, जहां उन्हें पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने पकड़ लिया। अभिनंदन की गिरफ्तारी के बाद भारत ने राजनयिक स्तर पर तत्काल विरोध दर्ज कराया और उनकी सुरक्षित व जल्द वापसी की मांग की। घायल हालत में उनका वीडियो जारी करने पर भी भारत ने पाकिस्तान से आपत्ति जताई। इस बीच दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव चरम पर था। 28 फरवरी को पाकिस्तान ने अभिनंदन को लौटाने का ऐलान किया और 1 मार्च को करीब 60 घंटे बाद वे वाघा-अटारी सीमा से भारत लौट आए।

शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की

- अकाली दल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के तत्काल इस्तीफे और उनके ओएसडी राजबीर घुम्मन और उनकी पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर मान के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज करने की मांग की
- सरदार सुखबीर सिंह बादल ने बीबा हरसिमरत कौर की अगुवाई में 'सतकार नही बलात्कार' विरोध प्रदर्शन में 5 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास के घेराव का ऐलान किया

डेली आवाज भारती

पंजाब के राज्यपाल से मुख्यमंत्री कार्यालय से संचालित भ्रष्टाचार रैकेट की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच की सिफारिश करने का आग्रह किया: शिरोमणी अकाली दल

चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुख्यमंत्री कार्यालय(सीएमओ) से संचालित संगठित भ्रष्टाचार रैकेट की समयबद्ध और अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच की सिफारिश करने का आग्रह किया है। इस रैकेट में मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजबीर घुम्मण और उनकी पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर मान शामिल हैं, जिन्होने दो बलात्कार और अपहरण के मामलों का 'निपटान' करने के लिए 5 करोड़ रूपये की रिश्वत ली थी। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें दोनों मामलों के बारे जानकारी दी और तत्काल मुख्यमंत्री के इस्तीफे और उनके ओएसडी और पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर मान के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। गर्वनर को ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरदार सुखबीर सिंह बादल ने कहा,'' मुख्यमंत्री के सबसे करीबी लोगों ने गुंडों और बलात्कारियों के लिए एक सिंगल विंडों सेवा शुरू कर दी है और लगभग हर गैरकानूनी गतिविधि जिसमें जमीन उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) और पोस्टिंग और तबादलों सहित को फीस लेकर अंजाम दिया जाता है।''

सरदार बादल ने साफ किया कि शिरोमणी अकाली दल दोनों मामलों को तार्किक निष्कर्ष तक लेकर जाएगा। उन्होने कहा कि बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल और स्त्री अकाली दल 5 सितंबर को मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने के लिए विरोध प्रदर्शन करेंगें । उन्होने कहा,'' हम इस भ्रष्ट सरकार के खिलाफ तब तक विरोध प्रदर्शन करते रहेंगें जब तक कि हमारी ''मावां-धीयां'' को न्याय नही मिल जाता और ''बलात्कारियों'' को सजा सुनिश्चित नही की जाती। पंजाबियों और मीडिया से इस प्रयास में पार्टी का समर्थन करने का आग्रह करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा,'' इस बात के निर्णायक सबूत है कि पांच महिला पीर्ड़ि तों ने न्याय के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। इसके बावजूद उनकी पत्नी ने बलात्कारी गुरी चहल के साथ मिलकर दो अलग-अलग बलात्कार मामले में 5 करो रूपये के बदले उसे क्लीन चिट दिलवाई। उन्होने कहा कि इसका ऑडियो और सीसीटीवी फुटेज सहित सभी सबूत सार्वजनिक डोमेन में हैं। इस मामले मे 'अमृतसर और मोहाली में हुए दोनों बलात्कार मामलों में शिकायत दर्ज कराई गई थी और आरोपी उसके खिलाफ बलात्कार के मामले दर्ज होने के दो महीने के अंदर ही बरी हो गया था। एक तरफ बलात्कारी है और दूसरी तरफ पीड़ित लड़कियां। मुझे पूरा विश्वास है कि सब पीड़ितों का समर्थन करेंगें।''

'आप' का अकालियों पर पलटवार

बलतेज पन्नू ने अमरदीप ग्रेवाल की सीनियर भाजपा नेताओं के साथ गुरी चाहल की अकालियों के साथ दिखाई तस्वीरें

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उसके नेता मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और उनके परिवार को बदनाम करने के लिए राजनीति से प्रेरित मुहिम चला रहे हैं, जबकि वे जानबूझकर अपने राजनीतिक और निजी संबंधों को छिपा रहे हैं। चाहल पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद बातों पर आधारित हैं और न तो कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग और न ही उनसे जुड़े दावों को स्वतंत्र रूप से पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा, ÷पंजाब इस राजनीति को अच्छी तरह जानता है। चरित्र हनन उनका एकमात्र राजनीतिक हथियार बन गया है क्योंकि उनके पास भगवंत मान सरकार के कामों का कोई जवाब नहीं है। अकाली लीडरशिप पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने सवाल किया कि जो नेता इस विवाद के केंद्र में बैठे लोगों को अच्छी तरह जानने का दावा करते हैं, वे अब अपने संबंधों के बारे में जवाब देने के बजाय गवर्नर के पास क्यों जा रहे हैं। उन्होंने पूछा, ÷अगर आप इन लोगों को इतनी अच्छी तरह जानते हैं, तो गवर्नर के पास जाने का यह सारा ड्रामा क्यों? आप पहले अपने संबंधों के बारे में सवालों के जवाब क्यों नहीं देते?÷

बलतेज पन्नू ने मीडिया के सामने कई तस्वीरें पेश कीं, और कहा कि इनसे उन लोगों के राजनीतिक संबंधों का पता चला है जिनके नाम मौजूदा विवाद में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। उन्होंने अमरदीप ग्रेवाल की जेपी नड्डा, मनजिंदर सिंह सिरसा और रवनीत सिंह बिट्टू जैसे भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरें दिखाई और उस व्यक्ति की भाजपा के सीनियर नेताओं के साथ राजनीतिक करीबी होने पर सवाल उठाया। बलतेज पन्नू ने सुखबीर सिंह बादल, हरसिमरत कौर बादल और बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ गुरी चहल की पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रमों की कई तस्वीरें भी दिखाई। हुंदल की अकाली नेताओं के साथ तस्वीरों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये अनजान नेताओं की तस्वीरें नहीं हैं, बल्कि उन लोगों की हैं जो अकाली लीडरशिप के करीबी रहे हैं। बलतेज पन्नू ने कहा, ÷ये तस्वीरें इसलिए ज़रूरी हैं क्योंकि उसी राजनीतिक ढांचे को अब मान परिवार के खिलाफ आरोपों के सोर्स के तौर पर पेश किया जा रहा है। पंजाब के लोगों को ये तस्वीरें देखनी चाहिए और खुद तय करना चाहिए कि कौन किससे राजनीतिक रूप से जुड़ा हुआ है। बलतेज पन्नू ने अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया पर सत्ता और पिंडी से संबंधों के आरोपों पर सीधे सवाल उठाए और उनसे पूछा कि वे यह साफ करें कि इन लोगों के उनके और अकाली लीडरशिप के साथ क्या रिश्ते थे और किस हैसियत से उनकी उनके घरों और राजनीतिक इलाकों तक पहुंच थी। उन्होंने कहा, ÷इन लोगों के आपके और अकाली लीडरशिप के साथ क्या रिश्ते थे? किस हैसियत से उनकी आपके घरों और राजनीतिक इलाकों तक पहुंच थी? दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय, आपको पहले अपने इन रिश्तों के बारे में सवालों के जवाब देने चाहिए।

पंजाब 2007-17 के जंगल राज को नहीं भूला

बलतेज पन्नू ने कहा, ÷पंजाब के लोग 2007 से 2017 के जंगल राज को नहीं भूले हैं। जब उस समय के शासकों पर सवाल उठाए गए, तो अकाली लीडरशिप ने उस तत्परता से जवाब नहीं दिया, जैसी वह आज दूसरों से मांग कर रहा है। बलतेज पन्नू ने नशों के मुद्दे पर भी पिछली सरकार पर हमला बोला और कहा कि नशा तस्करी से जुड़े लोगों की अकाली नेताओं के साथ राजनीतिक नज़दीकियां थीं। उन्होंने कहा, ÷जिन्होंने नशों के कोढ़ को इस लेवल तक पहुंचाया कि एक पूरी पीढ़ी बर्बाद हो गई, वे आज लोगों के सामने खड़े होकर सवाल पूछ रहे हैं। भगवंत मान सरकार के पास अपने कामों का कोई जवाब नहीं है, इसलिए पर्सनल अटैक कर रहे हैं बलतेज पन्नू ने कहा कि विपक्ष के पास भगवंत मान सरकार द्वारा किए गए बदलावों का कोई जवाब नहीं है, इसलिए वह राजनीतिक बहस को पर्सनल अटैक की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने सरकार के लोगों के भले के कामों के उदाहरण के तौर पर हर घर को 600 यूनिट तक फ्री बिजली, नहर से सिंचाई का विस्तार और 10 लाख रुपये की कैशलेस हेल्थकेयर स्कीम का ज़िक्र किया। बलतेज पन्नू ने कहा, ÷विपक्ष को यह जवाब देना चाहिए कि उनके दावे के दौरान पंजाब के सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और पब्लिक ट्रांसपोर्ट की हालत खराब क्यों होने दी गई। पंजाब के लोग 2022 से पहले पब्लिक सर्विसेज़ की हालत की तुलना मान सरकार के समय हुए बदलावों से साफ तौर पर कर सकते हैं।

मोहाली में एएसआई की गोलियां लगने से मौत

पूर्व डीजीपी अर्पित शुक्ला के थे गनमैन

- पुलिस के मुताबिक यह मामला एक्सीडेंटल फायरिंग का
- एएसआई ओंकार की मौत अचानक गोली चलने से : सिमरजीत

डेली आवाज भारती

मोहाली। मोहाली के सेक्टर-80 में वीरवार एक॰स्ढ्ढ की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान॰स्ढ्ढ ओंकार सिंह के रूप में हुई है। जो रिटायर्ड डीजीपी अर्पित शुक्ला के गनमैन के तौर पर तैनात थे। पुलिस के मुताबिक यह मामला एक्सीडेंटल फायरिंग का है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अपनी ही पिस्तौल से 4-5 गोलियां लगीं हैं। अगर गिरने से गोली चली होती तो एक गोली लगती, 4-5 गोलियां कैसे लग सकती हैं। मौके पर पहुंचे अधिकारी सिमरजीत सिंह शेगरिल ने कहा कि॰स्ढ्ढ ओंकार सिंह की मौत अचानक गोली चलने से हुई है। एएसआई ओंकार सिंह की पत्नी के मुताबिक वह छुट्टी न मिलने से काफी समय से परेशान चल रहे थे। कल वे छुट्टी पर थे,अचानक ही उन्हें फोन आया और वह ड्यूटी पर चले गए। सुबह हमें फोन आया कि ओंकार सिंह खड़े-खड़े गिर गए हैं और इसी दौरान गोली चलने की बात बताई गई। मृतक के बेटे यादविंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने पिता का शव देखा है और घटना का वीडियो भी देखा है।

बेटा बोला- 7 से 8 फायर

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि बंदूक नीचे गिर गई थी, जिसके बाद 7 से 8 फायर हुए। छाती पर भी गोलियां लगने के निशान हैं। राइफल नीचे गिरने से गोली चल गई, जिससे उनकी मौत हुई। जब अधिकारी से परिवार की ओर से उठाए गए सवालों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि परिवार ने शव देख लिया है और अब उन्हें तसल्ली है।

पंजाब सरकार, केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर वेतन और डीए देने को तैयार है : हरपाल सिंह चीमा

पंजाब अपने रेवेन्यू का 51 प्रतिशत वेतन और पेंशन पर खर्च करता है, जो बड़े राज्यों और राष्ट्रीय औसत (38 प्रतिशत) से ज़्यादा : हरपाल सिंह चीमा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज कहा कि अगर कर्मचारी चाहें, तो पंजाब सरकार उन्हें केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर वेतन और ष्ठ (महंगाई भत्ता) देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार केवल ष्ठ को केंद्र के बराबर करने के बजाय पूरी सैलरी को केंद्र के बराबर करने के लिए तैयार है। पंजाब के मंत्रियों के समूह - जिसमें वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, उद्योग और वाणिज्य मंत्री अमन अरोड़ा और सामाजिक सुरक्षा मंत्री डॉ. बलजीत कौर शामिल थे - ने कहा कि केंद्र द्वारा ज़्यादा ष्ठ दिए जाने के बावजूद, पंजाब के कर्मचारियों की कई प्रमुख श्रेणियों को केंद्र सरकार में काम करने वाले अपने समकक्षों की तुलना में पहले से ही ज़्यादा वेतन मिल रहा है। मंत्रियों ने कहा कि पंजाब के मौजूदा वेतन ढांचे के तहत, राज्य अपने रेवेन्यू का 51 प्रतिशत वेतन और पेंशन पर खर्च करता है, जबकि भारत में औसत 38 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी कहा कि भगवंत सिंह मान सरकार ने ष्ठ में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की तरफ़ से 14,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का बकाया है, जिसमें से 4,500 करोड़ रुपये से ज़्यादा का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। पंजाब सरकार के कर्मचारी देश में सबसे ज़्यादा सैलरी पाने वाले कर्मचारियों में से हैं। राज्य में बेसिक सैलरी ज़्यादा होने के कारण, कई बड़े कैटेगरी के कर्मचारियों को केंद्र सरकार में काम करने वाले अपने समकक्षों की तुलना में ज़्यादा सैलरी मिलती है। पंजाब अपने रेवेन्यू का 51 प्रतिशत सैलरी और पेंशन पर खर्च करता है, जो बड़े राज्यों में सबसे ज़्यादा है, जबकि देश भर में औसत 38 प्रतिशत है। भगवंत मान सरकार ने डीए को नवंबर 2021 में 28 प्रतिशत से बढ़ाकर नवंबर 2024 में 42 प्रतिशत कर दिया। इस तरह, तीन बार बढ़ोतरी के ज़रिए DA रेट अक्टूबर 2022 में 34 प्रतिशत, दिसंबर 2023 में 38 प्रतिशत और नवंबर 2024 में 42 प्रतिशत हो गया। आंकड़ों के अनुसार, लगभग 14,100 करोड़ रुपये का DA बकाया 2016-21 की अवधि से संबंधित है, जो पिछली कांग्रेस और अकाली-बीजेपी सरकारों से विरासत में मिला है। भगवंत मान सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की देनदारियों के लिए 4,500 करोड़ रुपये से ज़्यादा का भुगतान पहले ही कर दिया है, जिससे विरासत में मिले ष्ठ बकाये का भुगतान करने की उसकी प्रतिबद्धता ज़ाहिर होती है। पंजाब में ष्ठ को 60 प्रतिशत तक बढ़ाने से सरकारी खजाने पर सालाना लगभग 6,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जिसका असर ज़रूरी सार्वजनिक सेवाओं पर पड़ेगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि देश के बड़े राज्यों में पंजाब का वेतन और पेंशन पर होने वाला खर्च सबसे ज़्यादा है। उन्होंने कहा, ÷वेतन और पेंशन पर राज्यों के खर्च का राष्ट्रीय औसत लगभग 38 प्रतिशत है, जबकि पंजाब अपने राजस्व का 51 प्रतिशत सीधे वेतन और पेंशन पर खर्च करता है। यह अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के प्रति राज्य की वित्तीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मिशन क्लीन पंजाबः मीत हेयर ने सफाई अभियान में की शिरकत, बरनाला वासियों से सहयोग की अपील

कहा, हर नागरिक अपना फर्ज निभाए और बरनाला को साफ-सुथरा रखने में योगदान दे

डेली आवाज भारती

बरनाला। मिशन क्लीन पंजाब के दूसरे चरण के तहत आज नगर निगम बरनाला द्वारा शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने के उद्देश्य से यहां अग्रसेन चौक से भगवान वाल्मीकि चौक तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में लोकसभा सदस्य गुरमीत सिंह मीत हेयर ने विशेष रूप से शिरकत करते हुए स्वयं सफाई कार्यों में हिस्सा लिया और बरनाला वासियों से इस अभियान में अधिक से अधिक सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर, नगर निगम के मेयर हसन भारद्वाज सहित विभिन्न पार्षदों, नगर निगम के अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान सड़कों, फुटपाथों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई तथा लोगों को सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर श्री मीत हेयर ने कहा कि साफ-सुथरा शहर केवल सरकार या नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मिशन क्लीन पंजाब के तहत चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियानों का उद्देश्य केवल शहर की सफाई करना ही नहीं, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना पैदा करना भी है। उन्होंने बरनाला वासियों से अपील की कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और सफाई को केवल विशेष अभियानों या कुछ दिनों तक सीमित न रखें। हर नागरिक अपने घर, दुकान, कार्यालय और आसपास के क्षेत्र को साफ रखना अपनी दैनिक जिंदगी का हिस्सा बनाए। सांसद ने कहा कि केवल सरकार, प्रशासन या सफाई कर्मचारी इस अभियान को तब तक सफल नहीं बना सकते, जब तक हर बरनाला वासी अपना फर्ज नहीं निभाता। उन्होंने कहा कि यदि लोग कूड़ा इधर-उधर फेंकने के बजाय निर्धारित स्थानों पर डालें और गीले तथा सूखे कूड़े को अलग-अलग रखें, तो शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, सड़कों और पार्कों को गंदा न किया जाए तथा अपने आसपास के क्षेत्रों की सफाई के प्रति भी जिम्मेदारी निभाई जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही बरनाला को और अधिक साफ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर मेयर हसन भारद्वाज ने भी शहरवासियों से नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियानों में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों ने भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपील की कि वे 'मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी' की भावना के साथ इस अभियान से जुड़ें और बरनाला को साफ-सुथरा एवं खूबसूरत बनाने में अपना योगदान दें।

अमृतसर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

गैर-कानूनी हथियार सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश

डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने गैर-कानूनी हथियार सप्लाई नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 गैर-कानूनी .30 बोर पिस्टल और 103 जिंदा कारतूस बरामद करने का दावा किया है। पुलिस कमिश्नर हरमनबीर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि पुलिस ने एक स्पेशल नाकाबंदी के दौरान रंजीत सिंह को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसके पास से एक पिस्टल बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने उससे दूसरे हथियारों के बारे में पूछताछ की और उसके एक साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस को कुल 8 पिस्टल और 103 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी केस दर्ज हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी सोशल मीडिया एप्लीकेशन के ज़रिए विदेशी

हरियाणाः सोनीपत के खरखौदा में केएमपी एक्सप्रेसवे ट्रक से टकराई इको कार, तीन लोगों की मौत

डेली आवाज भारती

सोनीपत । हरियाणा के सोनीपत जिले में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केएमपी एक्सप्रेसवे) पर एक इको कार और ट्रक के बीच टक्कर होने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दर्दनाक हादसा सोनीपत के खरखौदा थाना क्षेत्र में गोपालपुर गांव के पास केएमपी एक्सप्रेसवे पर हुआ। इको कार सवार मजदूर उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के रहने वाले थे। वे सभी बाजरे की कटाई के लिए झज्जर जा रहे थे। टक्कर इतनी भयानक थी कि इको कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत बाहर निकाला गया। वहीं, एक शव को गाड़ी काटकर बाहर निकाला गया।

अधिकारियों ने बताया कि नौ में से पांच घायलों की हालत गंभीर है। उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है, जबकि चार का इलाज खरखौदा अस्पताल में चल रहा है। वहीं, खरखौदा थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत भेजा दिया।

इससे पहले, हरियाणा के पलवल में केएमपी एक्सप्रेसवे पर एक पिकअप गाड़ी के खड़े ट्रक से टकराने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हो गए।

बताया गया कि पिकअप गाड़ी सवार लोग उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के रहने वाले थे। वे राजस्थान में खाटू श्याम मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करके लौट रहे थे। उन्हें वृंदावन दर्शन करने जाना था। इसी बीच, मंगलवार को सुबह करीब 4.30 बजे गाड़ी एक ट्रक से टकराई।

इस टक्कर में कुल 6 लोगों की मौत हुई। मरने वालों तीन महिलाएं भी शामिल थीं। मृतकों की पहचान विजय (75), राजकुमार (40), रेशमा (45), कमला (65), सुधा (52) और महेश (60) के तौर पर हुई। सभी घायलों को पलवल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

17 घंटे 39 मिनट चली हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही, 15 विधेयक और 2 सरकारी संकल्प पारित

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। 15वीं हरियाणा विधान सभा का दूसरा मानसून सत्र सार्थक, सकारात्मक, नसीहत और जनहित से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा के साथ संपन्न हो गया। 27 अगस्त से आरंभ होकर 1 सितंबर तक चले इस सत्र में कुल तीन बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें 17 घंटे 39 मिनट तक सदन की कार्यवाही चली। सत्र के दौरान सदन का सदुपयोग हुआ, जिस कारण अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हो सकी। कई अवसरों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के कारण सदन का माहौल गर्माया भी, लेकिन विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अपने कुशल, संतुलित और प्रभावी संचालन से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में भूमिका निभाई। वे विशेषाधिकार के बाद भी सदन को सुचारू रूप से चलाने में सफल रहे। उन्होंने सदस्यों से अनुशासन और सदन की मर्यादा बनाए रखने तथा चर्चा को जनहित के मुद्दों पर केंद्रित रखने का आह्वान किया। अनेक अवसरों पर वे नसीहत देते भी नजर आए। अध्यक्ष के कुशल संचालन से सदन की गरिमा और संसदीय परंपराओं को बनाए रखने की उत्कृष्ट मिसाल देखने को मिली।

लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जनहित, सदन की गरिमा तथा जन-विश्वास हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। सत्र के दौरान 66 सदस्यों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी मंत्री भी शामिल रहे। मानसून सत्र के दौरान एक दिन शून्यकाल का आयोजन हुआ। शून्यकाल के दौरान 1 घंटा 57 मिनट तक कार्यवाही चली, जिसमें कुल 38 विधायकों ने विभिन्न लोकहित के मुद्दों को सदन के समक्ष रखा। शून्यकाल में भारतीय जनता पार्टी के 13 तथा कांग्रेस के 22 विधायकों ने चर्चा में भाग लिया। इनके अतिरिक्त तीन निर्दलीय विधायकों ने भी इस दौरान अपनी बात रखी। मानसून सत्र के दौरान 3 दिन प्रश्नकाल हुए। इसके लिए 60 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे, इनमें से 31 के जवाब सदन में दिए गए। विधान सभा सचिवालय को 51 सदस्यों से 266 तारांकित प्रश्नों के लिए नोटिस प्राप्त हुए थे, इनमें से 167 एडमिट हुए। सत्र के पहले दिन परिस्थितियां ऐसी बनी कि प्रश्नकाल के दौरान एक भी प्रश्न का मौखिक जवाब नहीं दिया जा सका।

इसी प्रकार 22 विधायकों की ओर से 126 अतारांकित प्रश्नों के नोटिस प्राप्त हुए। इनमें से 97 अतारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए, जिनमें से सूचीबद्ध सभी 93 प्रश्नों के जवाब विधायकों को भेजे गए। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के लिए 25 नोटिस प्राप्त हुए थे, इनमें से 6 स्वीकृत हुए। सत्र की सभी तीन बैठकों में 2-2 ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। कार्य स्थगन प्रस्ताव के लिए 4 नोटिस प्राप्त हुए। इन सभी को शर्तें पूरी न करने के कारण अस्वीकृत कर दिया गया। सत्र के लिए 15 विधेयकों के प्रारूप मिले थे, जो चर्चा उपरांत पारित कर दिए गए। अल्प अवधि चर्चा के लिए एक सूचना प्राप्त हुई थी, लेकिन इसे विपक्षी सदस्य ने वापस ले लिया। सत्र के दौरान 2 सरकारी संकल्प भी पारित किए गए। इनमें जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण संशोधन अधिनियम 2024 (2024 का केंद्रीय अधिनियम संख्या-5) को 31 अगस्त को पारित किया गया। वहीं, एक सितंबर को श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व के अवसर पर दूसरा सरकारी संकल्प पारित किया गया। इस सत्र में एक प्रस्ताव नियम 84 के अधीन तथा एक गैर सरकारी प्रस्ताव का भी नोटिस प्राप्त हुआ, जो शर्तें पूरी नहीं करने के कारण अस्वीकार हो गया। इस बीच अध्यक्ष ने ऑब्जर्वेशन भी दी, जिसमें सदस्यों से अनुशासन का पालन और सदन की मर्यादा बनाए रखने का आह्वान किया गया। इस सत्र के दौरान अलग-अलग दीर्घाओं में 753 दर्शकों ने सदन की कार्यवाही देखी। इन दर्शकों में 11 शिक्षण संस्थाओं के 446 विद्यार्थी व शिक्षक शामिल रहे।

पी.ए.यू.-फार्म सलाहकार सेवा केंद्र, संगरूर की ओर से गांव भरूर में सर्दी के मौसम की सब्जियों की 30 प्रदर्शनियां

घरेलू बगीची के माध्यम से ताजी और पौष्टिक सब्जियों के उत्पादन को दिया प्रोत्साहन

डेली आवाज भारती

संगरूर। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के निदेशक प्रसार शिक्षा के दिशा-निर्देशों के तहत पी.ए.यू.-फार्म सलाहकार सेवा केंद्र, संगरूर की ओर से घरेलू बगीची में सर्दी के मौसम की सब्जियों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए गांव भरूर में विशेष प्रसार गतिविधि करवाई गई। इस दौरान गांव में सर्दी के मौसम की सब्जियों से संबंधित 30 प्रदर्शनियां लगाई गई। फार्म सलाहकार सेवा केंद्र, संगरूर के इंचार्ज और वरिष्ठ प्रसार वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने किसानों को सब्जियों की पसंद, बुवाई के उचित समय, खादों के उचित इस्तेमाल, सिंचाई और घरेलू बगीची की देखभाल संबंधी व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक जानकारी दी। डॉ. गर्ग ने कहा कि आज के समय में घरेलू बगीची का महत्व और भी बढ़ गया है। घर के आसपास थोड़ी सी जगह का सही इस्तेमाल करके परिवार की रोजाना जरूरत के अनुसार कई प्रकार की ताजी सब्जियां आसानी से पैदा की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू बगीची के माध्यम से परिवार को लगातार ताजी, साफ-सुथरी और पौष्टिक सब्जियां मिलने के साथ-साथ बाजार से सब्जियां खरीदने पर होने वाले खर्च में भी कमी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि खेतों में ट्यूबवेल के पास या अन्य उचित स्थानों पर भी घरेलू जरूरत के अनुसार सब्जियों की खेती की जा सकती है। डॉ. गर्ग ने बताया कि सितंबर महीना सर्दी के मौसम की कई महत्वपूर्ण सब्जियों की बुवाई के लिए उचित समय है। उन्होंने किसानों को ब्रोकली, मटर, मूली, गाजर, शलजम और विभिन्न पत्तेदार सब्जियों की समय पर बुवाई करने की सलाह दी, ताकि अच्छी पैदावार के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा की जा सकें। इस मौके पर धान में संतुलित पोषक तत्वों के प्रबंधन और फोक (दाने के खाली रहने) को कम करने के लिए पोटाशियम नाइट्रेट के इस्तेमाल संबंधी भी किसानों को जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि धान में फोक कम करने और दानों के भराव में सुधार के लिए गोभ अवस्था में 1.5 प्रतिशत पोटाशियम नाइट्रेट (13~0~45) का पत्तियों पर छिड़काव करने की सिफारिश की जाती है। इसके लिए 3 किलो पोटाशियम नाइट्रेट को 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव किया जा सकता है। इस मौके पर डॉ. गर्ग ने किसानों को सितंबर 2026 के दौरान पंजाब कृषि विश्वविद्यालय की ओर से लगाए जा रहे किसान मेलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों से इन मेलों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कृषि की नई तकनीकों, उन्नत किस्मों, कृषि मशीनरी और विश्वविद्यालय की नवीनतम सिफारिशों के बारे में जानकारी हासिल करने की अपील की।

दलित सम्मान और संवैधानिक अधिकारों से समझौता स्वीकार नहीं : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि हल्द्वानी के रामलीला मैदान में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभा के बाद कथित रूप से किए गए 'शुद्धीकरण' की घटना दलित समाज के सम्मान, समानता और संविधान की भावना से जुड़ा गंभीर विषय है। घटना को 24 दिन बीत जाने के बावजूद जिम्मेदार लोगों और संगठनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज न होना सवाल खड़े करता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी वर्ग के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली मानसिकता को स्वीकार नहीं किया जा सकता। कुमारी सैलजा ने कहा कि चिंताजनक यह भी है कि इस मामले में कार्रवाई की मांग उठाने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ही प्राथमिकी दर्ज की गई। कानून सभी के लिए समान होना चाहिए और कार्रवाई निष्पक्षता तथा तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में नेता सदन जे.पी. नड्डा को पत्र लिखकर सदन में दिए गए आश्वासन की याद दिलाते हुए मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह मामला किसी एक राजनीतिक दल या घटना तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समानता, दलित सम्मान और संविधान प्रदत्त अधिकारों से जुड़ा है। भाजपा सरकार को संविधान की भावना और सदन में दिए गए आश्वासन का सम्मान करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस दलित समाज के सम्मान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती रहेगी।

कैग रिपोर्ट ने खोली भाजपा सरकार के 'पारदर्शी सुशासन' की पोलः राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने विधानसभा में रखी गई भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (छ्त्र) की रिपोर्ट को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट ने प्रदेश सरकार के तथाकथित 'पारदर्शी और ईमानदार सुशासन' के दावों की पोल खोल दी है। वर्ष 2023-24 में कर वसूली, जीएसटी, स्टांप शुल्क, पंजीकरण फीस, उत्पाद शुल्क और परिवहन कर से जुड़े 7,144 मामलों में अनियमितताएं सामने आना और सरकारी खजाने को 999 करोड़ रुपये का नुकसान होना बेहद गंभीर मामला है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि एक तरफ हरियाणा की जनता लगातार बढ़ते टैक्स और महंगाई का बोझ उठा रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी तंत्र की लापरवाही, नियमों की अनदेखी और कथित मिलीभगत के कारण जनता के खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह महज कुछ मामलों की प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि राजस्व व्यवस्था में गंभीर खामियों और जवाबदेही के अभाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कैग रिपोर्ट के मुताबिक विभागों ने स्वयं 5,769 मामलों में 814 करोड़ रुपये की कम वसूली स्वीकार की है। वहीं कृषि भूमि के नाम पर 266 आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक प्लॉटों की रजिस्ट्रियां किए जाने से करीब 34 करोड़ रुपये के स्टांप शुल्क का नुकसान सामने आया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि स्टांप शुल्क और पंजीकरण के मामलों में भी गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। सहयोगी करारों के गलत वर्गीकरण और अवमूल्यांकन, बिना शुल्क बिक्री विलेखों के पंजीकरण, गलत वर्गीकरण वाले बंधक दस्तावेजों और भूमि विनिमय के मामलों में सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हुआ। जीएसटी में 389 करोड़ रुपये की अनियमितता पर सवाल उठाते हुए राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कार्य अनुबंध और निर्माण सेवाओं पर गलत तरीके से छूट या रियायती दरों का लाभ देने, अग्रिम एवं अचल परिसंपत्तियों पर कर नहीं लेने तथा ब्याज की कम वसूली जैसी गंभीर खामियां सामने आई हैं। इसके अलावा इनपुट टैक्स क्रेडिट में 37.69 करोड़ रुपये की अनियमितताएं भी चिंता का विषय हैं। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण से जुड़े मामलों पर भी सरकार से जवाब मांगा। कैग रिपोर्ट में नियमों का पालन नहीं होने के कारण 5.43 करोड़ रुपये के सरकारी धन के संदिग्ध दुरुपयोग का उल्लेख है।

शिक्षकों की भूमिका केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं, विद्यार्थियों के मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत बनें : राज्यपाल घोष

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शिक्षक समुदाय का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाने के लिए केवल शिक्षक की भूमिका तक सीमित न रहें, बल्कि उनके मार्गदर्शक, आदर्श और प्रेरणास्त्रोत के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र अपने शिक्षकों का सम्मान करता है, वही अपने भविष्य को सुरक्षित करता है। राज्यपाल आज मोहाली स्थित मानव मंगल स्मार्ट स्कूल में आयोजित 7वें 'टीचर्स एक्सीलेंस अवार्ड्स' समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के 11 उत्कृष्ट शिक्षकों को 'अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया। उन्होंने मानव मंगल स्मार्ट स्कूल के शिक्षकों को उनके योगदान और समर्पण के लिए प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष भी उपस्थित थीं। लगातार सात वर्षों से उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने की पहल के लिए मानव मंगल ग्रुप को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि ऐसे मंच शिक्षकों को वह सम्मान और पहचान प्रदान करते हैं, जिसके वे वास्तव में अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उनका योगदान अक्सर सुर्खियों से दूर रह जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि हम जीवन बचाने वाले डॉक्टरों, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले इंजीनियरों तथा नवाचार और अनुसंधान करने वाले वैज्ञानिकों का सम्मान करते हैं, लेकिन इन सभी की सफलता की नींव उस शिक्षक द्वारा रखी जाती है, जो उन्हें उस समय तैयार करता है, जब दुनिया उनके नाम से भी परिचित नहीं होती। प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा नहीं करता, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण करता है, उनमें जिज्ञासा जगाता है तथा उन्हें सपने देखने का आत्मविश्वास और उन्हें साकार करने का साहस भी प्रदान करता है। चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए पुरस्कार विजेताओं का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह पहल दर्शाती है कि शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता किसी एक शहर या संस्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ट्राइसिटी और आसपास के क्षेत्रों की साझा शैक्षिक शक्ति का प्रतीक है।

उन्होंने मानव मंगल ग्रुप की प्रेरणादायक यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि आज यह समूह ट्राइसिटी में छह शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों और उनके परिवारों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनका समर्पण और योगदान, जो अक्सर बिना किसी सार्वजनिक पहचान के कक्षाओं में निरंतर जारी रहता है, देश की शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक रीढ़ है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार समाज की ओर से शिक्षकों के योगदान के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल उपकरण भले ही ज्ञान तक पहुंचने और उसे साझा करने के तरीकों को बदल रहे हों, लेकिन तकनीक कभी भी एक अच्छे शिक्षक के मानवीय स्पर्श, सहानुभूति, विवेक और नैतिक मार्गदर्शन का स्थान नहीं ले सकती।

डेली आवाज़ पंजाब

» बरनाला, मोहाली, जीरकपुर » शुक्रवार, 4 सितंबर 2026

तीन काले कृषि कानून पास करने की शर्त पर अकाली दल से समझौता करने जा रही है भाजपा : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

- भाजपा ने इन काले कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान हमारे 750 किसानों को शहीद किया
- पंजाब के लोग अपने शहीद किसानों के शवों के ऊपर से गुजर कर भाजपा को कभी वोट नहीं देंगे
- भाजपा ने पंजाब यूनिवर्सिटी में कभी जीत दर्ज नहीं की थी, लेकिन इस बार अकाली दल के समर्थन से जीती
- सिखों और हिंदुओं में फूट डालकर वोट लेती है भाजपा, पंजाबी इसकी साजिशों से सचेत रहें

डेली आवाज भारती

संगरूर/राहुल गोयल : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज भाजपा-अकाली दल गठबंधन पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा तीन काले कृषि कानूनों को वापस लाने की शर्त पर अकाली दल से समझौता करने की तैयारी कर रही है, जबकि इन कानूनों के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान 750 किसानों की जानें गई थीं। उन्होंने कहा कि अकाली दल सियासी कुर्सी के लिए ÷पंजाब में कुछ भी बेचने÷ को तैयार है, जबकि पंजाबी अपने शहीद किसानों के शवों के ऊपर से गुजर कर भाजपा को कभी वोट नहीं देंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि भाजपा वोट हासिल करने के लिए सांप्रदायिक एजेंडा इस्तेमाल कर रही है और पंजाब यूनिवर्सिटी के चुनावों में इसकी जीत, जो अकाली दल के समर्थन से हुई है, ने दोनों पार्टियों के बीच की मिलीभगत को उजागर कर दिया है। इस राजनीति की तुलना अपनी सरकार के प्रदर्शन से करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूलों, अस्पतालों, बिजली, पानी और सड़कों के क्षेत्र में तेजी से हो रहे कामों से पंजाब विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। 'लोक मिलनी' के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अकालियों ने प्रदेश के हितों के विपरीत विरोधी ताकतों से हाथ मिलाकर हमेशा पंजाब विरोधी रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित अकाली-भाजपा गठबंधन महज सियासी फायदे के लिए बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ÷अकाली सत्ता की खातिर भाजपा से हाथ मिलाने को तैयार हैं, इस तथ्य के बावजूद कि भाजपा की अगुवाई वाली सरकार काले कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान 700 से अधिक किसानों की शहादत के लिए जिम्मेदार थी।

यह दर्शाता है कि अकाली नेतृत्व के पास कोई विचारधारा नहीं बची है और वह सत्ता के लिए पंजाब के हितों से समझौता करने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने लोगों को चेतावनी दी कि अगर अकाली-भाजपा गठबंधन सत्ता में आता है तो वह किसानों पर फिर से काले कृषि कानून थोप सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विधान सभा चुनावों से पहले शिरोमणि अकाली दल का नेतृत्व भाजपा से गठबंधन करने के लिए 'बेताब' है। उन्होंने कहा, 'अकाली-भाजपा गठबंधन की कोई विचारधारा नहीं है और जन कल्याण का कोई एजेंडा नहीं है। इसका एकमात्र मकसद पंजाब में सत्ता हासिल करना है। पंजाब के लोग इन पार्टियों के सियासी ड्रामों में नहीं आएंगे और आने वाले दिनों में इन्हें उचित सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा, पंजाबी अकालियों और भाजपा को पंजाब और इसके लोगों के खिलाफ किए गए अपराधों के कारण सियासी गुमनामी में भेज देंगे। इस 'लोक मिलनी' में लोगों की भारी मौजूदगी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पंजाबी 2027 में एक नई कहानी लिखने के लिए तैयार हैं। 2022 में पद संभालने के बाद अपनी सरकार द्वारा किए गए कामों के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि सरकार ने सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया है और बिजली, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सुधार लागू किए हैं। उन्होंने कहा, ÷आज साढ़े चार साल बाद मैं लोगों से किया हर वादा पूरा करने और सभी गारंटियां निभाने के बाद लोगों के सामने खड़ा हूं। पिछली सरकारों के शासन के दौरान लोग डर के माहौल में जीते थे, जबकि नशे ने पंजाब की पीढ़ियों को बर्बाद कर दिया।

विरोधी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के लोग कांग्रेस, अकाली और भाजपा को उनकी पंजाब विरोधी नीतियों के लिए कभी माफ नहीं करेंगे और 2027 के विधान सभा चुनावों में उन्हें राजनीतिक गुमनामी में धकेल देंगे। उन्होंने कहा कि ये पारंपरिक सियासी पार्टियां सत्ता में रहते हुए हमेशा एक-दूसरे के हितों की रक्षा करती रही हैं और राज करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए ÷उतर काटो मैं चढ़ां÷ की खेल खेलती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इनकी आपसी मिलीभगत ने यह सुनिश्चित किया कि इनके कुकर्म छिपे रहें। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷अब लोगों ने आप को चुना है और झाड़ू पंजाब की सियासी व्यवस्था की सफाई कर रहा है। वह दिन दूर नहीं, जब अपने अपराधों के जिम्मेदार लोगों को अपने कर्मों का परिणाम भुगतना पड़ेगा।

हरसिमरत कौर बादल ने 'आप' सरकार पर लगाए गंभीर आरोप, कहा-पंजाब में आवाज उठाने वालों को दबाया जा रहा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़ । शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर पंजाबियों की आवाज दबाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला है। हरसिमरत कौर बादल ने 'एक्स' पर लिखा, आम आदमी पार्टी के राज में पंजाबियों की आवाज इस तरह दबाई जा रही है। इस वीडियो को ध्यान से देखिए। यह है तरीका जिससे भगवंत मान और उनके 'मास्टर' अरविंद केजरीवाल पंजाबियों को चुप करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह घटना सुनाम के शेरो गांव की है। वहां मुख्यमंत्री की एक फर्जी पीआर 'मिलनी' चल रही थी, तभी एक युवक ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ खुलकर विरोध किया। इसके कुछ मिनटों के भीतर ही पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और बेरहमी से पीटा।

हरसिमरत कौर बादल ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि यह वीडियो इस बात का सबूत है कि कैसे 4 साल की पूर्ण सत्ता ने इस 'कॉमेडियन' को पूरी तरह से भ्रष्ट कर दिया है और उसे 'तानाशाह' में बदल दिया है। उन्होंने कहा, 'आज आम आदमी पार्टी के राज में कोई भी पंजाबी जो अपनी आवाज उठाता है या जवाबदेही मांगता है, उसे दबा दिया जाता है। पंजाब सब कुछ ध्यान से देख रहा है। और पंजाब इन सभी अन्यायों का बदला लेगा।

बता दें कि हरसिमरत कौर बादल ने एक्स पोस्ट के साथ एक वीडियो भी अटैच किया है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पंजाब के एक गांव में जब सीएम भगवंत मान एक सभा में बोल रहे होते हैं, तभी छत के ऊपर एक पंजाबी युवक उनका विरोध करने लगता है। तभी पुलिस वाले जल्दी से छत पर जाकर उसे हिरासत में ले लेते हैं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने 'पंजाब विरोधी आप' हैशटैग का भी इस्तेमाल किया है।

'खेडां वतन पंजाब दियां-2026': ब्लॉक स्तर के टूर्नामेंट 7 सितंबर से 16 सितंबर तक होंगे आयोजित

'खेडां वतन पंजाब दियां-2026': ब्लॉक स्तर के टूर्नामेंट 7 सितंबर से 16 सितंबर तक होंगे आयोजित

डेली आवाज भारती

ਖੇਡਾਂ ਵਤਨ ਪੰਜਾਬ ਦੀਆਂ
2026
https://sports.punjab.gov.in/PublicPages/participation-login/
SCAN TO PARTICIPATE

- जिला स्तरीय मुकाबले 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक होंगे
- इच्छुक युवा पोर्टल पर कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

गुरदासपुर, (अमनदीप संधू) : पंजाब सरकार द्वारा 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' का आयोजन करवाया जा रहा है। इसके तहत जिला गुरदासपुर में ब्लॉक स्तर के टूर्नामेंट 7 सितंबर से 16 सितंबर तक तथा जिला स्तरीय मुकाबले 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक करवाए जाएंगे। इच्छुक युवा खेल विभाग के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिला खेल अधिकारी गुरदासपुर सिमरनजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कादियां में 7 से 9 सितंबर तक बाबा राम थम्मण यादगारी स्टेडियम, खुजाला में, 7 से 9 सितंबर तक आई.टी.आई. बटाला में, 7 से 9 सितंबर तक हॉकी सेंटर, घुम्मण कलां में तथा 7 से 9 सितंबर तक श्री हरगोबिंदपुर साहिब के बाबा नामदेव जी स्पोर्ट्स स्टेडियम, घुमाण में टूर्नामेंट करवाए जाएंगे। इसी तरह 10 से 12 सितंबर तक काहनूवान के ग्राम पंचायत खेल मैदान, गांव सठियाली में, 10 से 12 सितंबर तक गुरदासपुर के सरकारी कॉलेज में, 10 से 12 सितंबर तक दोरांगला के नवोदय स्कूल, गांव दबूरी तथा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, झबकरां में और 10 से 12 सितंबर तक दीनानगर के एस.एस.एम. कॉलेज तथा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लड़कियां में टूर्नामेंट करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 से 16 सितंबर तक डेरा बाबा नानक के शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम, डेरा बाबा नानक में, 14 से 16 सितंबर तक फतेहगढ़ चूड़ियां के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, काला अफगाना (आजमपुर) में तथा 14 से 16 सितंबर तक कलानौर के शहीद भगत सिंह स्टेडियम, अगवान रोड, कलानौर में ब्लॉक स्तर के टूर्नामेंट करवाए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी पंजाब सरकार के खेल पोर्टल sports.punjab.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

सैंट राऊ दास गुरुकुल में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार

डेली आवाज भारती

सैंट राऊ दास गुरुकुल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी त्योहार मनाते हुए बच्चे।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): सैंट राऊ दास गुरुकुल गोलूका में स्कूल की प्रधानाचार्या और प्रबंधन समिति की सदस्य प्रसन्नता रानी के नेतृत्व में वीरवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान सारा स्कूल हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। मालूम हो कि सुबह ही बच्चों ने स्कूल को फूलों, गुब्बारों और रंग-बिरंगी लड़ीयों से सजाया गया औ एक सुंदर झांकी बनाई गई, जिसमें बाल कृष्ण की मटकी फोडने वाली लीला दिखाई गई। इस दौरान छोटी कक्षाओं के बच्चे राधा और कृष्ण के प्यारे-प्यारे कपड़े पहन कर आए और सभी ने उनके साथ फोटो खिंचवाए। विद्यार्थियों ने श्री कृष्ण के जीवन पर एक छोटा सा नाटक प्रस्तुत किया और गीता का उपदेश कर्म करो, फल की चिंता न करो को समझाया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या और प्रबंधक समिति की सदस्य प्रसन्नता रानी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने हमें सत्य, प्रेम और धर्म के रास्ते पर चलना सिखाया है। हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए।

अज्ञात मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति करियाना दुकान पर फायरिंग करके हुए फरार

- पुलिस ने दुकान के मालिक के बयान पर अज्ञात व्यक्तियों पर दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन दाना मंडी में बनी करियाना की दुकान पर फायरिंग करके फरार हुए तीन अज्ञात मोटरसाईकिल सवारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता दुकानदार के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई बलजिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता अजय कंधारी पुत्र तिलक राज कंधारी वासी वार्ड नंबर 7 शिव कालोनी मक्खू ने बताया कि वह बीते दिन जब दाना मंडी में अपनी करियाना की दुकान पर खड़ा था तो अचानक से मोटरसाईकिल सवार तीन व्यक्ति वहां आए, जिन्होंने अपने मुंह बांधे हुए थे ने अचानक से दुकान के बाहर फायरिंग करनी शुरु कर दी और इनकी तरफ से किए फायर उसकी दुकान से शटर में लगे है। पीड़ित ने बताया कि इस घटना के बाद उक्त दोषी मौके से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे बलजिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

मामला स्कॉपियों एवं स्वीफ्ट कार में हुई टक्कर में मारे गए दो युवको का

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर जीरा की पुलिस ने बीते दिन जीरा क्षेत्र में स्कॉपियों गाड़ी और स्वीफ्ट कार के बीच हुई भयानक टक्कर में मारे गए दो युवकों के मामलें में कार्रवाई करते हुए मृतकों के दोस्त के बयान पर दोषी स्कॉपियों गाड़ी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई अनवर मसीह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता बलजिन्द्र सिंह पुत्र बलकार सिंह वासी बाबा ईशर सिंह नगर धर्मकोर्ट रोड कोट इसेखां ने बताया कि उसके दोस्त बीते दिन जब स्वीफ्ट कार पर सवार होकर जीरा शहर से कोट इसेखां को जा रहे थे तो रास्ते में दोषी डा.लवप्रीत सिंह ने अपनी स्कॉपियों गाड़ी के साथ उन्हें लापरवाही से टक्कर मार दी। जिससे स्वीफ्ट कार में सवार उसके दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मैन बाजार में लगाया गया फरूट का लंगर

दुकानदारों की तरफ`स लगाए गए लंगर में सेवा करते हुए सेवादार।

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): श्री राधा कृष्ण मंदिर में निकाली गई शोभायात्रा दौरान बाजार वालों ने फल फरूट का लंगर लगाया। इस दौरान जानकारी देते हुए मेन बाजार में काम करने वाले दुकानदार विशु बजाज, रुबी, सौरव, हर्श, गुरी, गोपी, रिताशु चुघ व युवराज जवैलर्स, खन्ना ने बताया कि शहर में विभिन्न मंदिर की तरफ से निकाली गई शोभायात्रा के दौरान शहर वासियों व दुकानदारों के सहयोग से बाजार में फल फरूट, ठंडे पानी की बोतलों का लंगर लगाया गया है और उक्त लंगर संगत को बहुत ही प्यार से वितरित किया गया है।

बटाला में 6 और 11 सितंबर को होगा प्रसिद्ध नाटक 'हमारे राम' का मंचन

- विधायक शेरी कलसी के नेतृत्व में मेयर भूपिंदर सिंह बाजवा और अमृत कलसी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

बटाला, (अमनदीप संधू) पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी के नेतृत्व में बटाला में 6 और 11 सितंबर को प्रसिद्ध नाटक 'हमारे राम' का मंचन किया जाएगा। स्थानीय शिव कुमार बटालवी ऑडिटोरियम, बटाला में होने वाली इन प्रस्तुतियों के दौरान प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा अपनी पूरी टीम के साथ भगवान राम जी के जीवन, आदर्शों और दर्शन पर आधारित नाटक प्रस्तुत करेंगे। नगर निगम बटाला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मेयर भूपिंदर सिंह बाजवा ने यह जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम बटाला सारंगप्रीत सिंह, विधायक शेरी कलसी के भाई अमृत कलसी तथा पार्षद दास करण संधू भी मौजूद थे। मेयर भूपिंदर सिंह बाजवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य में आपसी भाईचारे, धार्मिक सद्भावना और सभी धर्मों के प्रति सम्मान को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में भगवान राम जी के जीवन से जुड़े आदर्शों को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'हमारे राम' नाटक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 6 और 11 सितंबर को प्रतिदिन दो-दो शो, दोपहर 2 बजे और शाम 6ः30 बजे आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा ये शो निःशुल्क करवाए जा रहे हैं। शो में प्रवेश एंट्री कार्ड के माध्यम से होगा और एंट्री कार्ड 'बुक माई शो' ऐप के जरिए बिल्कुल निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में इन प्रस्तुतियों में शामिल हों और भगवान राम जी के जीवन एवं दर्शन से जुड़े संदेश को समझने के साथ-साथ इस शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति का आनंद लें। इस अवसर पर अमृत कलसी ने कहा कि विधायक शेरी कलसी के प्रयासों के चलते जिला स्तरीय 'हमारे राम' शो बटाला में करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'हमारे राम' जैसी प्रस्तुतियां विशेष रूप से युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और भगवान राम जी के आदर्श जीवन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भगवान राम जी का सरल जीवन, मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और धार्मिकता समाज के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 'एक शाम भगवान शिव के नाम' कार्यक्रम को भी लोगों की ओर से भरपूर समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार सभी धर्मों के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महापुरुषों का सम्मान करती है। इसी कड़ी के तहत श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी सफलतापूर्वक मनाई गई है, जबकि श्री गुरु रविदास महाराज जी का 650वां प्रकाश पर्व बड़े स्तर पर पूरे वर्ष मनाया जा रहा है। इसके अलावा पहली बार भगवान परशुराम जयंती राज्य स्तर पर मनाई गई है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे 'हमारे राम' नाटक की प्रस्तुतियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इस सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

पुलिस ने 2 ग्राम हैरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके 1 व्यक्ति को हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी बोबी सिंह पुत्र सुर्जन सिंह वासी बस्ती सियाणी नजदीक फाजिल्का हैरोइन बेचने व खरीदने का आदि है और आज भी वार्ड नंबर 15 गेट नंबर 3 दाना मंडी के पास खड़ा ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके बोबी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 2 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलें की जांच कर रहे गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में बोबी पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जे.के.एस पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनाया जन्माष्टमी पर्व

जे.के.एस पब्लिक स्कूल में बच्चें व अध्यापक जन्माष्टमी पर्व मनाते हुए।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): जे.के.एस पब्लिक स्कूल में प्री-नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में सजकर विद्यालय पहुंचे। बच्चों के सुंदर परिधान और आकर्षक रूप ने सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने श्री कृष्ण के भजनों एवं गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। नन्हे कलाकारों ने अपनी मासूम अदाओं और उत्साहपूर्ण नृत्य से वातावरण को कृष्णमय बना दिया। उनकी प्रस्तुतियों को सभी ने खूब सराहा और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीनू मोंगा ने सभी विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोडने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास करते हैं। उन्होंने नन्हे विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें इसी प्रकार उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की सराहना की।

पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मोटरसाईकिल चोरी करने का दर्ज किया मामला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन मोटरसाईकिल चोरी करने और एक व्यक्ति से मोटरसाईकिल छीनकर ले जाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ताओं के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई जगरुप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता डा.सुभाष गुंब्बर क्लीनिक मलवाल रोड फिरोजपुर शहर ने बताया कि बीते दिन उसका मोटरसाईकिल कोई अज्ञात व्यक्ति बीडीओ दफ्तर मार्केट से चोरी करके ले गया है। जबकि दूसरे मामलें में हंसा सिंह पुत्र बहाल सिंह वासी गांव टेंडी वाला ने बताया कि वह बीते दिन जब सब्जी मंडी में सब्जी बेचने के लिए गया था तो 3 अज्ञात व्यक्ति पुरानी चुंगी के पास उसके गले पड़ गए और वह उससे उसका मोटरसाईकिल छीनकर फरार हो गए। मामले की जांच कर रहे जगरुप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करके उनकी तलाश शुरु कर दी है।

कृषि विज्ञान केंद्र ने गांव चट्ठे सेखवां में पराली प्रबंधन को लेकर जागरूकता कैंप लगाया

डेली आवाज भारती

संगरूर। धान की पराली के उचित प्रबंधन को लेकर चलाई जा रही मुहिम के तहत पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर की ओर से गांव चट्ठे सेखवां, ब्लॉक संगरूर में एक दिवसीय किसान जागरूकता कैंप लगाया गया। इसमें गांव की पूरी ग्राम पंचायत सहित करीब 80 किसानों ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ. मनदीप सिंह, इंचार्ज, पी.ए.यू.-कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर ने किसानों को धान की पराली को खेत में ही संभालते हुए गेहूं की बुवाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों को पराली जलाने से पर्यावरण, मिट्टी की सेहत और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने खेत में पराली प्रबंधन से होने वाले लाभ और मिट्टी की सेहत में होने वाले सुधार के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर की ओर से किसानों के लिए करवाए जा रहे व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों, मिट्टी-पानी जांच सेवाओं, सी.आर.एम. मशीनरी बैंक और विभिन्न फसलों के तैयार किए जा रहे बीजों आदि के बारे में भी जानकारी साझा की। डॉ. सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर (फार्म मशीनरी) ने किसानों को पराली को खेत में संभालते हुए गेहूं की बुवाई के लिए उपलब्ध कृषि मशीनरी और उसके उचित उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों को पराली को खेत से बाहर निकालकर गेहूं की बुवाई करने से भी बचने की सलाह दी।

डॉ. रुकिंदरप्रीत सिंह, सहायक प्रोफेसर (फसल विज्ञान) ने किसानों के साथ धान की खेती में आ रही समस्याओं जैसे बौना रोग, भूरा पीठ वाला टिड्डा, झंडा रोग, हल्दी रोग और अन्य बीमारियों की रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को धान में पोटाशियम नाइट्रेट (13¬0¬45) के इस्तेमाल के फायदे बताते हुए इसका छिड़काव करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब धान गोभ में आए, तब 1.5 प्रतिशत पोटाशियम नाइट्रेट (3 किलो पोटाशियम नाइट्रेट 200 लीटर पानी प्रति एकड़) का छिड़काव किया जाए। डॉ. रविंदर कौर, एसोसिएट प्रोफेसर (बागवानी) ने किसानों को सर्दी के मौसम की घरेलू सब्जी बगीची लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सब्जियों की विभिन्न किस्मों के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर की ओर से किसानों के लिए तैयार की जाने वाली सब्जियों की पौध के संबंध में भी जानकारी साझा की। कैंप के अंत में किसानों के सवालों के जवाब दिए गए और उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा तैयार सर्दी के मौसम की सब्जियों के बीजों की किटें भी उपलब्ध करवाई गई। कैंप में गांव के सरपंच स. दर्शन सिंह, पंचायत सदस्य स. गुरदीप सिंह, श्री परमजीत शर्मा तथा नंबरदार और पूर्व सरपंच स. निरवैर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर की पूरी टीम का तहेदिल से धन्यवाद किया।

विधायक नरिंदर कौर भराज ने 1.21 करोड़ रुपये के सड़क विकास कार्यों की करवाई शुरुआत

- उभावाल रोड की दो सड़कों के पुनर्निर्माण पर 76.04 लाख और हरेड़ी रोड पर 45 लाख रुपये होंगे खर्च: नरिंदर कौर भराज

डेली आवाज भारती

संगरूर। संगरूर शहर के सड़क ढांचे को और मजबूत करते हुए विधायक नरिंदर कौर भराज द्वारा कुल *1.21 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न सड़क विकास कार्यों* की शुरुआत करवाई गई। इसके तहत *76.04 लाख रुपये की लागत से उभावाल रोड पर पेट्रोल पंप के सामने से यूनियन बैंक तक और उभावाल फाटक से ट्यूबवेल तक की सड़क के पुनर्निर्माण* का काम शुरू किया गया। इसके साथ ही *45 लाख रुपये की लागत से हरेड़ी रोड के पुनर्निर्माण कार्य* की भी शुरुआत करवाई गई। विधायक नरिंदर कौर भराज ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में संगरूर शहर में लोगों को बेहतर सड़कें और मजबूत बुनियादी ढांचा उपलब्ध करवाने के लिए विकास कार्य लगातार जारी हैं। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के पुनर्निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और रोजाना आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता देकर पूरा किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक नरिंदर कौर भराज ने सड़क विकास कार्यों की शुरुआत के अवसर पर उपस्थित चेयरमैन और एम.सी. साहिबान सहित आम आदमी पार्टी की पूरी टीम का धन्यवाद किया।

युवक को यू.के भेजने का झांसा देकर उससे 3 लाख 16 हजार रुपए ठगे

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने गांव कामलवाला उर्फ मुठियां वाला निवासी युवक को विदेश यू.के भेजने का झांसा देकर उसके साथ लाखों रुपए की ठगी करनेवाले दोषी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई गुरमीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता मनजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह वासी गांव कामल वाला उर्फ मुठियां वाला ने बताया कि दोषी रविन्द्र सिंह पुत्र कश्मीर सिंहवासी बेदी कालोनी फिरोजपुर शहर ने उसे यू.के भेजने का झांसा देकर उससे 3 लाख 16 हजार रुपए की राशि प्राप्त की थी। लेकिन दोषी ने उसे विदेश नहीं भेजा और ना ही उसके पैसे वापिस किए है, इस तरह से दोषी ने पीड़ित के साथ ठगी की है। मामलें की जांच कर रहे गुरमीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में रविन्द्र सिंह पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

आरबीआई चंडीगढ़ ने कुरुक्षेत्र, हरियाणा में एमएसएमई बैंकरों के लिए दो दिवसीय NAMCABS कार्यशाला का आयोजन किया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/कुरुक्षेत्र, भारतीय रिजर्व बैंक (ऋब्द्ध), चंडीगढ़ ने 02-03 सितम्बर, 2026 को कुरुक्षेत्र, हरियाणा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (स्स्स्ब्ह्य) के लिए बैंकर्स की वित्तपोषण क्षमता निर्माण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय मिशन (द्धस्ष्ट्रक्र) कार्यशाला आयोजित की। इस वर्कशॉप का उद्घाटन श्री पंकज सेतिया, जनरल मैनेजर, ऑफिसर-इन-चार्ज, आरबीआई, चंडीगढ़ ने किया। इस मौके पर क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के सीनियर अधिकारी भी मौजूद थे, जिनमें पंजाब नेशनल बैंक के ष्टत्नरू श्री आशीष कुमार चतुर्वेदी, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के त्नरू श्री बिनोद कुमार सिन्हा, ॥छ्वस्न्ष्ट बैंक के ज़ोनल हेड श्री धीरज सेठी और हरियाणा ग्रामीण बैंक के त्नरू श्री वेद प्रकाश शामिल थे। इस वर्कशॉप में हरियाणा के अंबाला, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, करनाल और यमुनानगर ज़िलों के 21 अलग-अलग बैंकों के लगभग 80 बैंकर शामिल हुए, जो स्स्स्ब्ध को लोन देने का काम देखते हैं।

श्री पंकज सेतिया ने अपने मुख्य भाषण में यह रेखांकित किया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की वृद्धि और रोजगार सृजन में बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बल देते हुए कहा कि यह कार्यशाला भागीदारों के लिए उत्तम पद्धतियों, नीतिगत दिशानिर्देशों तथा एमएसएमई वित्तपोषण के नवीन दृष्टिकोणों के संबंध में अपनी जानकारी अद्यतन करने का एक अवसर है। उन्होंने बैंकरों से आह्वान किया कि वे अधिक संवेदनशील एवं उद्यममित्र दृष्टिकोण अपनाएँ, विशेषतया वर्तमान वैश्विक परिवेश में, जहाँ स्थानीय विनिर्माण को सुदृढ़ करना सन् 2047 तक %विकसित भारत% के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित तकनीकी सत्रों का संचालन आरबीआई, सिडबी, एमएसएमई डीएफओ और ट्रांसयूनियन सिबिल के विषय-विशेषज्ञों तथा वाणिज्यिक बैंकों के अनुभवी संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। इन सत्रों में एमएसएमई ऋण आकलन, जोखिम प्रशमन, फिनटेक समाधान और नियामक स्तर पर हुए परिवर्तनों के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। बैंकरों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु रिजर्व बैंक की पहल की सराहना व्यक्त की तथा उन्होंने बताया कि प्राप्त ज्ञान से उन्हें व्यावहारिक स्तर पर लाभक्षम एमएसएमई इकाइयों को अधिक प्रभावी ढंग से सहयोग प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

NAMCABS कार्यशाला को बैंकरों को उद्यमिता को पोषित करने, औपचारिक वित्त तक पहुँच का विस्तार करने और एमएसएमई क्षेत्र की सतत वृद्धि को गति देने हेतु अपेक्षित व्यावहारिक अंतर्दृष्टि एवं उपकरणों से सुसज्जित करने की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

116.68 ग्राम हैरोईन एवं नशा करने वाले सामान सहित पुलिस ने 7 को गिरफ्तार किया

- पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने को चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 116.68 ग्राम हैरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना ममदोट, थाना छावनी फिरोजपुर, थाना आरफके, थाना कुलगड़ी, एवं थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना मल्लांवाला के एसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शमशानघाट के नजदीक से मुकदर पुत्र नथा वासी वार्ड नंबर 2 टैंकी वाला मुहल्ला मल्लांवाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हैरोइन, थाना कुलगड़ी के एच.सी लवदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मलवाल कदीम के ब्रिज के नजदीक से मनप्रीत सिंह उर्फ मन्ना पुत्र चन्ना सिंह वासी गांव सैदां वाला व वारस पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गांव शेरखां को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 50 ग्राम हैरोइन, थाना छावनी फिरोजपुर की एस.आई लाभप्रीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान लाईटों वाले चौंक के नजदीक से मिली सूचना पर शिवा पुत्र अशोक कुमार वासी गांव लूथर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 ग्राम हैरोइन, थाना आरफके के इंस्पैक्टर बलराज सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी के नजदीक से नशा करते हुए जशनदीप उर्फ जशन पुत्र तरसेम सिंह वासी गांव फरीदेवाला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.90 ग्राम हैरोइन, सिल्वर पन्नी, 1 लाईटर, थाना ममदोट के एस.आई प्रवीण कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर सुखप्रीत सिंह उर्फ मिड्डा पुत्र गुरदेव सिंह वासी गांव गामे वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 51 ग्राम हैरोइन और इसी थाने के एएसआई सुखजिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचनाके अधार पर अनमोल उर्फ कालु पुत्र अनोख सिंह वासी नजदीक वधवा अस्पताल ममदोट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.78 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

तीन लोगों ने पैसों के विवाद को लेकर युवक को मारपीट कर किया जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना कुलगड़ी की पुलिस ने कुछ दिन पहले पैसों के विवाद को लेकर एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करके जख्मी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना कुलगड़ी के एएसआई मलकीत कुमार ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता अमनदीप सिंह पुत्र तारा सिंह वासी वलूर ने बताया कि बीते दिन जब वह मोटरसाईकि पर गांव से रोटी लेने के लिए जा रहा था तो रास्ते में पैसों के विवाद को लेकर दोषी राजा उर्फ सन्नी पुत्र मलकीत सिंह, हरदीप सिंह पुत्र सुखमंदर सिंह व रामजोत सिंह उर्फ ज्योति बाबा पुत्र गुरचरण सिंह वासी वलूर ने उसे रोककर उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे मलकीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

चोर दुकान की छत में सेंधमारी कर नकदी, चांदी की मूर्ति एवं अन्य सामान चोरी कर फरार

दुकान में हुई चोरी के संबंध में जानकारी देते चंदन शर्मा और चोरों की तरफ से दुकान में की गई सेंधमारी की तस्वीर।

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहर में चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही हैं और चोर आए दिन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिन्हें पुलिस प्रशासन का कोई डर नहीं है। मालूम हो कि पुलिस भी इन चोरों को पकडऩे में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है और हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। मालूम हो कि बीती रात चोरों ने एक दुकान की छत में सेंधमारी करके अंदर से नगदी, चांदी की मूर्ति और अन्य सामान चोरी किया और वहां से फरार हो गए। जानकारी देते हुए दुकान मालिक चंदन शर्मा ने बताया कि उनकी दुकान शर्मा ट्रेडिंग कंपनी रेलवे पुल के साइड पर बनी मार्केट में स्थित है और इस दुकान के अंदर वह तरह-तरह की पशुओं को खिलाने वाली फीड और कई अन्य प्रकार का सामान तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि वह बीती रात को दुकान बंद करके घर चले गए थे और जब सुबह आकर उन्होंने दुकान खोली तो देखा कि दुकान के अंदर बने दफ्तर के टेबल की दराजें खुली हुई थीं और उसमें रखी नकदी, भगवान जी की चांदी की मूर्ति, सिक्के और अन्य कीमती सामान गायब था। इस दौरान जब उन्होंने अपनी दुकान के अंदर पीछे जाकर देखा तो दुकान की छत पर दो जगहों पर अज्ञात चोरों की तरफ से सेंधमारी की हुई थी। उन्होंने बताया कि चोर छत में सेंधमारी करके दुकान में दाखिल हुए और दुकान के अंदर रखी नकदी और अन्य कीमती सामान चुराकर ले गए है। चंदन शर्मा ने बताया कि उनका एक से डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है और इस संबंध में उन्होंने पुलिस को सूचित कर दिया है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनाका जायजा लिया है।

फिरोजपुर मंडल के अंतगर्त यात्री टिकट सुविधा केंद्र के लिए आवेदन आमंत्रित

- यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में यात्री टिकट सुविधा केंद्र हेतु महत्वपूर्ण पहल

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल द्वारा यात्रियों को बेहतर एवं सुविधाजनक टिकटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके-यात्री टिकट सुविधा केन्द्र) की व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वाईटीएसके का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को रेलवे स्टेशन के आसपास ही अधिकृत टिकट बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे यात्रियों के समय की बचत होती है तथा टिकट बुक कराना अधिक सुगम एवं सुविधाजनक होता है। भारतीय रेलवे का पहल है कि वाईटीएसके के माध्यम से यात्रियों को आसान, सुलभ और सुविधाजनक रेल टिकट बुकिंग का सुविधा उपलब्ध कराना हैं। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल में वाईटीएसके खोलने के लिए 3 वर्षो की अवधि के लिए आवेदन मांगे गए हैं। रेलवे और आईआरसीटीसी से अधिकृत टिकट एजेंट इसके लिए पात्र होंगे। आवेदन की अंतिम तारीख 16 सितंबर 2026 तय की गई है। इच्छुक आवेदक उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं नियम-शर्तो का अवलोकन कर सकते है। 16 सितंबर 2026 दोपहर 3 बजे के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

गुरुहरसहाय में सीवरेज समस्या को लेकर भाजपा नेता दीपक शर्मा ने प्रशानिसक अधिकारियों को सौंपा मांगपत्र

बोले साढ़े चार साल से लोग परेशान, लोगों की समस्या के हल के लिए किया जाए वैज्ञानिक कूड़ा प्रबंधन प्लांट स्थापित

डेली आवाज भारती

भाजपा नेता दीपक शर्मा व अन्य एसडीएम कार्यालय में सुपरिटेंडेंट केवल कृष्ण को अपना मांगपत्र सौंपते हुए।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहर के सभी वार्डो में पिछले लगभग साढ़े चार साल से चल रही गंभीर सीवरेज समस्या और शहर में वैज्ञानिक ढंग से ठोस कूड़ा प्रबंधन और ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की मांग को लेकर भाजपा नेता दीपक शर्मा द्वारा संबंधित प्रशासन और नगर कौंसिल अधिकारियों के सामने मुद्दा उठाया गया है। मालूम हो कि इस संबंध में दीपक शर्मा की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा एसडीएम कार्यालय के सुपरिटेंडेंट केवल कृष्ण को मांगपत्र ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सीवरेज की समस्या का स्थायी समाधान करने और शहर के लिए वैज्ञानिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एंड ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की मांग की गई। इस मौके पर दीपक शर्मा ने कहा कि पिछले लंबे समय से लोग सीवरेज के जाम, ओवरफ्लो, गंदे पानी की निकासी ना होने, बदबू और गलियों-सडक़ों पर खड़े गंदे पानी के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में बार-बार शिकायतें, मांग पत्र देने और रोष प्रदर्शनों के बावजूद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा है, जोकि गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के हल के लिए उनकी तरफ से आज मांगपत्र सौपा गया है और यदि इस समस्या का हल जल्द नहीं हुआ तो वह शहर के लोगों को साथ लेकर संघर्ष करने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी संबंधित अधिकारियों और प्रशासन की होगी। इस मौके पर उनके साथ आरएसएस के जिला मार्ग प्रमुख नरेश सिकरी, भाजपा मंडल प्रधान काका सहगल, नीतिन कुमार व अन्य भाजपा वर्कर मौजूद थे।

घर में दाखिल होकर युवक को मारपीट कर सामान की तौड़-फौड़ की

- पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 24 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना आरफके की पुलिस ने बीते दिन गांव बस्ती खानके दाखली मस्तेके में घर में दाखिल होकर युवक को मारपीट करके जख्मी करने और घर के सामान की तौड़-फौड़ करने के आरोप में 24 लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना आरफके के एएसआई कर्मदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में साजन पुत्र निर्मल सिंह वासी गांव बस्ती खानके दाखली मस्तेके ने बताया कि वह बीते दिन जब घर में मौजूद था तो दोषी सोनू पुत्र दारा वासी बस्ती खान,के, अमन पुत्र चन्ना वासी खानके, अनमोल पुत्र जस्सासिंह, जगा पुत्र दारा, हुसन पुत्र जगा, अभिषेक पुत्र जस्सा सिंह, गुरजीत पुत्र सोनू, कुलदीप कौर पत्नी अभिषेक, प्रवीण कौर पत्नी सोनू, वीना रानी पत्नी जगा, संदीप पुत्र चन्ना, निशान पुत्र पुनां, हफीया पत्नी संदीप वासी बस्ती खानके, जसकरन पुत्र हरजीत वासी खानपुर ने 10 के करीब अज्ञात लोगों के साथ घर में दाखिल होकर उसके साथ मारपीट की और घर में पड़े सामान की तौड़-फौड़ की। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे कर्मदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषीयों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

बलविंदर सिंह लाडी ने श्री हरगोबिंदपुर साहिब शहर में 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत खुद संभाली कमान–सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर की सफाई

डेली आवाज भारती

श्री हरगोबिंदपुर साहिब/बटाला, (अमनदीप संधू) : श्री हरगोबिंदपुर साहिब के आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह लाडी ने श्री हरगोबिंदपुर साहिब शहर में 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत खुद कमान संभालते हुए सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया। बलविंदर सिंह लाडी ने शहर में जमा हुए कूड़े को हटाने में स्वयं भाग लिया और कूड़े को उठाकर उसके उचित निपटारे के लिए निर्धारित स्थान तक पहुंचाने की प्रक्रिया की भी निगरानी की। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने और 'मिशन क्लीन पंजाब' अभियान को पूरा सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सफाई केवल सरकार द्वारा ही सुनिश्चित नहीं की जा सकती, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपनी गलियों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने के लिए सक्रिय भागीदार बनना होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार शहरों को और अधिक साफ-सुथरा, हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए सफाई के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आवश्यक मानव संसाधन और मशीनरी की तैनाती करने तथा नियमित सफाई अभियान चलाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी मुहिम तभी लंबे समय तक सकारात्मक परिणाम दे सकती है, जब लोग स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने लोगों से कूड़े का जिम्मेदारीपूर्वक निपटारा करने और प्रशासन के साथ मिलकर साफ-सुथरा, हरा-भरा एवं स्वस्थ श्री हरगोबिंदपुर साहिब बनाने की अपील की।

पंडोरी और असपाल कलां में पराली प्रबंधन को लेकर जागरूकता कैंप

डेली आवाज भारती

ਫਾਰਮ ਸਲਾਹਕਾਰ ਸੇਵਾ ਕੇਂਦਰ, ਬਰਨਾਲਾ
ਪਰਾਲੀ ਦੀ ਸੁਚੱਜੀ ਸਾਂਭ-ਸੰਭਾਲ ਸਬੰਧੀ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਕੈਂਪ
ਪੰਜਾਬ ਖੇਤੀਬਾੜੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ, ਲੁਧਿਆਣਾ

बरनाला/महल कलां, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के फार्म सलाहकार सेवा केंद्र, बरनाला की ओर से जिले के गांव पंडोरी और असपाल कलां में धान की पराली के उचित प्रबंधन तथा रबी फसलों की बुवाई संबंधी विशेष जागरूकता कैंप लगाए गए। इन कैंपों के दौरान डॉ. अमनदीप कौर, जिला प्रसार वैज्ञानिक, फार्म सलाहकार सेवा केंद्र बरनाला ने किसानों को धान की पराली को आग लगाए बिना खेत में ही उचित तरीके से प्रबंधित करने के लिए हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, पीएयू स्मार्ट सीडर और सरफेस सीडिंग-कम-मल्चिंग विधि से गेहूं की बुवाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर किसानों को रबी मौसम में बोई जाने वाली गेहूं और राया की नई अनुशंसित किस्मों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। फसल विविधता को ध्यान में रखते हुए रबी मौसम में बोई जाने वाली तिलहन फसलों, दलहनों और सब्जियों की खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। धान और बासमती में फोक कम करने के लिए गोभी के समय 1.5 प्रतिशत पोटाशियम नाइट्रेट (3 किलो पोटाशियम नाइट्रेट प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में) का छिड़काव करने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा, पत्ती लपेट सुंडी, शीथ ब्लाइट और ब्लास्ट जैसी बीमारियों तथा कीटों के प्रबंधन के लिए नई सिफारिशों से किसानों को अवगत कराया गया। इस दौरान किसानों को मिट्टी की जांच के लिए नमूना लेने के सही तरीके बताए गए और रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया गया। उन्हें बताया गया कि मिट्टी की जांच के आधार पर आवश्यकता के अनुसार खाद डालने से खेती की लागत कम होती है और मिट्टी का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। घरेलू बगीचे के महत्व को ध्यान में रखते हुए पीएयू की ओर से तैयार की गई सर्दी के मौसम की सब्जियों की किटें उपलब्ध करवाई गई और पीएयू का कृषि साहित्य भी वितरित किया गया। कैंपों के दौरान किसानों द्वारा गेहूं की नई किस्मों के बीज और जमीन में जैविक पदार्थ बढ़ाने के तरीकों आदि के बारे में पूछे गए सवालों के प्रभावी ढंग से जवाब दिए गए। इसके साथ ही पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना की ओर से रबी मौसम के लिए लगाए जा रहे आगामी किसान मेलों का प्रचार भी किया गया। कैंप में कृषि सब-इंस्पेक्टर दविंदर सिंह ने किसानों को कृषि विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और सब्सिडी के बारे में जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 सितंबर तक मनाया जा रहा है राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

डेली आवाज भारती

बरनाला। स्वास्थ्य विभाग बरनाला द्वारा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक के निर्देशों के अनुसार 7 सितंबर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन बरनाला डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को अच्छे स्वास्थ्य और संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूक करना है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हरजीत सिंह ने बताया कि यह सप्ताह ÷डिस्कवर द पावर ऑफ न्यूट्रिशन÷ विषय के तहत मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से स्वास्थ्य संस्थानों, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को संतुलित आहार लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि किशोर बच्चे तथा जच्चा-बच्चा स्वस्थ रहें। जिला मास मीडिया एवं सूचना अधिकारी कुलदीप सिंह मान, डिप्टी मास मीडिया एवं सूचना अधिकारी बलराज सिंह और स्कूल हेल्थ कोऑर्डिनेटर सुखपाल कौर ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरों को हरी सब्जियां, दूध, फल, उबली हुई दालें और आयोडीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद मां का पहला पीला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) जरूर पिलाना चाहिए। 6 महीने तक केवल मां का दूध ही दिया जाना चाहिए और 6 महीने से 2 वर्ष तक मां के दूध के साथ-साथ ऊपरी संतुलित आहार भी शुरू करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि तले हुए खाद्य पदार्थों और फास्ट फूड से परहेज करना चाहिए। भोजन में नमक और चीनी का उपयोग न्यूनतम मात्रा में करना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हिदायतों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने बताया कि असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण गैर-संचारी बीमारियों जैसे ब्लड प्रेशर, मधुमेह और मोटापे का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने खान-पान और शारीरिक स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए।

मेरा युवा भारत चंडीगढ़ की पहलः 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' (VBYLD) के जरिए सीधे प्रधानमंत्री के समक्ष रखें अपना विज़न

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। मेरा युवा भारत (MY Bharat), चंडीगढ़ द्वारा युवाओं को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD) में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस राष्ट्रीय मंच के माध्यम से युवाओं को विकसित भारत के अपने विचार और नवाचार सीधे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत करने का स्वर्णिम अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी श्री विनय कुमार ने विकसित भारत क्विज़ (Viksit Bharat Quiz) के बारे में विशेष विवरण साझा किया, जो इस संवाद प्रक्रिया का मुख्य प्रवेश द्वार है।

जिला युवा अधिकारी श्री विनय कुमार द्वारा साझा की गई मुख्य बातेंः

प्रधानमंत्री जी से सीधे संवाद का अवसर~ चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंचने वाले युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार और कार्ययोजना प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होगा। पहला चरण – विकसित भारत क्विज़~ चयन प्रक्रिया की शुरुआत MY Bharat पोर्टल पर आयोजित विकसित भारत क्विज़ से हो रही है। श्री विनय कुमार ने सभी पात्र युवाओं से क्विज़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। स्तरीय चयन प्रक्रिया~ क्विज़ में सफल होने वाले प्रतिभागी अगले चरणों में निबंध लेखन और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के माध्यम से होते हुए राष्ट्रीय मंच तक पहुंचेंगे। प्रमुख विषय~ तकनीक, सतत विकास, सुशासन, महिला नेतृत्व विकास और उद्यमिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर युवा अपने विचार प्रस्तुत कर सकते हैं। पात्रता~ 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी MY Bharat पोर्टल (mybharat.gov.in) पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं और क्विज़ में भाग ले सकते हैं।

संघेड़ा में आंखों की मुफ्त जांच के लिए विशेष कैंप का आयोजन

मरीजों को चश्मे और दवाइयां मुफ्त वितरित की गईं

डेली आवाज भारती

बरनाला/धनौला। सिविल सर्जन बरनाला डॉ. हरि पाल सिंह सिद्धू के आदेशों के अनुसार, अंधेपन को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत ब्लॉक धनौला के संघेड़ा में आज 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की आंखों की मुफ्त जांच के लिए विशेष कैंप लगाया गया। इस दौरान मरीजों को पास की नजर के चश्मे और दवाइयां मुफ्त वितरित की गई। सीएचसी धनौला में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतवंत सिंह औजला के मार्गदर्शन में एसएमओ का कार्यभार संभाल रहे डॉ. विशालवीर सिंह ने बताया कि कैंप के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हरजीत सिंह ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने बताया कि कैंप में 118 मरीजों की आंखों की जांच की गई और 10 जरूरतमंद मरीजों तथा आयुष्मान कार्ड धारकों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन सिविल अस्पताल बरनाला में बिल्कुल मुफ्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संघेड़ा के गुरुद्वारा अक्की पत्ती साहिब में लगाए गए इस कैंप में डॉ. दीप्ति ने 61 मरीजों को मुफ्त चश्मे भी वितरित किए। ऑप्थेल्मिक अधिकारी गुरमीत सिंह ने बताया कि आंखों से संबंधित किसी भी समस्या को नजरअंदाज करने के बजाय समय पर जांच करवाने से कई गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग बरनाला द्वारा अंधेपन के नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत आंखों की जांच के लिए जिले के अन्य गांवों में भी कैंप लगाए जाने हैं, जिनके बारे में समय-समय पर जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से इन कैंपों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर एसआई भूपिंदर सिंह, सीएचओ संदीप कौर, एएनएम सुखजीत कौर, मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर कुलदीप सिंह और आशा वर्कर हरजिंदर कौर उपस्थित थे।

अमृतसर बॉर्डर रेंज के नए आईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने चार्ज संभाला

ड्रग्स और क्राइम के खिलाफ सख्त एक्शन का ऐलान किया

- ड्रग स्मगलर्स और ऑर्गेनाइज्ड क्राइम के खिलाफ जीरो टॉलरेंस होगाः आईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर

डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने आज अमृतसर बॉर्डर रेंज के नए ढ्ढत्र का चार्ज संभाल लिया। ऑफिस संभालने के बाद मीडिया से बात करते हुए ढ्ढत्र भुल्लर ने बॉर्डर रेंज में ड्रग्स, ऑर्गेनाइज्ड क्राइम और टेररिज्म के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की टॉप प्रायोरिटी के मुताबिक, ड्रग्स के धंधे और ऑर्गेनाइज्ड क्राइम पर रोक लगाना पुलिस की टॉप प्रायोरिटी में रहेगा। ढ्ढत्र गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि बॉर्डर रेंज बहुत सेंसिटिव इलाका है, क्योंकि इसका पाकिस्तान के साथ लंबा बॉर्डर एरिया है। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से सटे नदी बेल्ट और इलाकों में सिक्योरिटी के लिए पूरी ऑपरेशनल तैयारी रखी जाएगी। बॉर्डर की सिक्योरिटी को और मजबूत करने के लिए क्चस्स्न समेत दूसरी सिक्योरिटी एजेंसियों के साथ बेहतर कोऑर्डिनेशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्रग्स से प्रभावित और ड्रग्स हॉटस्पॉट इलाकों पर खास ध्यान दिया जाएगा। इस बारे में बॉर्डर रेंज के SSPs के साथ मीटिंग करके पब्लिक आउटरीच प्रोग्राम चलाए जाएंगे। सिविल एडमिनिस्ट्रेशन, डिप्टी कमिश्नरों और हेल्थ डिपार्टमेंट के साथ मिलकर युवाओं को नशामुक्त करने और नशा छोड़ने की भी कोशिश की जाएगी। ढ्ढत्र ने कहा कि बॉर्डर के गांवों को सुरक्षित बनाने के लिए पंजाब पुलिस की सेकंड लाइन ऑफ डिफेंस को और मजबूत और ज्यादा चौकस किया जाएगा। बॉर्डर पार से घुसपैठ और ड्रग्स की तस्करी को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाई जाएगी। अटारी बॉर्डर के पास हाल ही में हुए ड्रोन क्रैश का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे खुद अटारी से एक पब्लिक रिलेशन कैंपेन शुरू करेंगे और लोकल लोगों को शामिल करके बॉर्डर इलाकों की सिक्योरिटी को और मज़बूत किया जाएगा। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी कामों या ड्रोन ड्रॉपिंग से जुड़ी अफवाहें और गुमराह करने वाले वीडियो फैलाने वालों के खिलाफ नियमों के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। फाइनेंशियल जांच करके ड्रग तस्करों की प्रॉपर्टी और पूरे नेटवर्क को तोड़ने पर भी खास ज़ोर दिया जाएगा।

नशों के खिलाफ जागरूकता का संदेश देते हुए सरकारी पॉलिटेक्निक बटाला के रेड रिबन क्लब ने निकाली रैली

नशों को जड़ से खत्म करने के लिए युवाओं की भूमिका अहम : दविंदर सिंह भट्टी

डेली आवाज भारती

ਸਰਕਾਰੀ ਪੋਲੀਟੈਕਨਿਕ ਕਾਲਜ ਬਟਾਲਾ ਦੀ ਅਵਾਜ਼
ਨਸ਼ਾ ਮੁਕਤ ਹੋਵੇ ਸਾਰਾ ਸਮਾਜ
ਨਸ਼ਾ ਵਿਰੋਧੀ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਰੈਲੀ
ਵੱਲੋਂ:-ਐਨ.ਐਸ.ਐਸ. (NSS) ਯੂਨਿਟ
ਸਰਕਾਰੀ ਪੋਲੀਟੈਕਨਿਕ ਕਾਲਜ ਬਟਾਲਾ
"ਪੰਜਾਬੀਓ ਜਾਗੋ, ਨਸ਼ੇ ਤਿਆਗੋ"
ਸਮਾਜਿਕ ਵਰਗੀਆਂ ਲਾਹਨਤਾਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਭਜਾਓ,
ਸੋਹਣੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਾਰਸੋ ਪੰਜਾਬ ਬਚਾਓ
Save Punjab Now
say no to drugs
From : NSS Unit Govt. Polytechnic Batala

बटाला, (अमनदीप संधू) पंजाब सरकार द्वारा नशों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत युवा सेवाएं विभाग गुरदासपुर के दिशा-निर्देशों के अनुसार सरकारी बहुतकनीकी कॉलेज बटाला में प्रिंसिपल दविंदर सिंह भट्टी की अगुवाई में रेड रिबन क्लब और एन.एस.एस. यूनिट द्वारा नशा विरोधी जागरूकता सेमिनार और रैली का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों और कॉलेज स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर प्रिंसिपल दविंदर सिंह भट्टी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की जिंदगी को ही बर्बाद नहीं करता, बल्कि इसका बुरा प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि युवा देश और समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं। यदि युवा नशों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेलों, कौशल विकास और समाज सेवा में लगाएं तो पंजाब को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशों से स्वयं दूर रहने के साथ-साथ अपने आसपास के युवाओं को भी इस बुराई से बचाने के लिए जागरूक करने की अपील की। इसके बाद मैकेनिकल विभाग के प्रमुख हितेश कुमार, सिविल विभाग के इंचार्ज शिवराजनपुरी, ई.सी.ई. विभाग की इंचार्ज मैडम रमणदीप कौर, प्लेसमेंट अधिकारी जसबीर सिंह और स्पोर्ट्स अधिकारी जगदीप सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत से बचने के लिए युवाओं को अपना ध्यान रचनात्मक और सकारात्मक गतिविधियों की ओर केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने, अपनी प्रतिभा को निखारने और अपने भविष्य को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी तेज प्रताप सिंह काहलो ने नशों और अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ कॉलेज द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा इन गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में युवाओं को नशों और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लामबंद करके उनकी ऊर्जा को व्यवस्थित एवं रचनात्मक कार्यों की ओर मोड़ना रेड रिबन क्लब और एन.एस.एस. का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही नशों के खिलाफ लड़ाई की सबसे मजबूत नींव है और युवाओं की सक्रिय भूमिका के बिना इस मुहिम को सफल नहीं बनाया जा सकता। सेमिनार के बाद विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा नशों के खिलाफ जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के दौरान नशों के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देने वाले नारे लगाए गए। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नशों से दूर रहने और अन्य लोगों को भी नशों के खिलाफ जागरूक करने का संकल्प लिया। इस मौके पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के इंचार्ज विजय कुमार मिन्हास, मैडम रेखा, हरजिंदरपाल सिंह, सनिमरजीत कौर, शालिनी महाजन, नवजोत सलारिया, गुलजार, अर्जिंदर कुमार, रोहित वाडरा, जसप्रीत कौर, रंजू ओहरी, रजनीत मल्हि, सुखविंदर सिंह एफ.आई., सचिन अठवाल, मनदीप सिंह, रमणदीप सिंह, हरजिंदर कौर, कमलजीत कौर, किरणजीत कौर, जतिंदर कुमार, सुरजीत राम, सतिंदर कौर, कुलविंदर कौर, राम सिंह, जतिंदर सिंह और अतुल आदि भी उपस्थित थे।

बसंत ऋतु के बजाय पतझड़ ऋतु में गन्ने की बुवाई अधिक लाभदायक : केन कमिश्नर

केन कमिश्नर ने विभिन्न गांवों में गन्ने की फसल का लिया जायजा

डेली आवाज भारती

गुरदासपुर, (अमनदीप संधू) : चालू सीजन के दौरान मौसम अनुकूल रहने के कारण गन्ने की फसल पर किसी भी प्रकार के कीट या बीमारी का हमला देखने को नहीं मिला है। इसलिए गन्ना किसानों को फसल में बिना जरूरत किसी प्रकार का छिड़काव या यूरिया खाद का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यह विचार पंजाब के केन कमिश्नर डॉ. अमरीक सिंह ने अजनाला सहकारी चीनी मिल के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गांवों चौड़ा, छो , दोस्तपुर और शहूर आदि का दौरा करते हुए गांव शहूर में एक प्रगतिशील किसान के खेत में किसानों से बातचीत के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर मुख्य गन्ना विकास अधिकारी सतिंदरजीत सिंह, ए.सी.डी.ओ. अर्शदीप सिंह, डिवीजन इंचार्ज गुरजतिंदरपाल सिंह, सर्वेयर जसपाल सिंह और सर्वेयर अमृतपाल सिंह भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान डॉ. अमरीक सिंह ने बताया कि इस बार पंजाब सरकार ने पहल करते हुए गन्ना किसानों की अदायगी सहकारी चीनी मिलों द्वारा 100 प्रतिशत कर दी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी गन्ना किसान की सब्सिडी की अदायगी अभी भी बकाया है तो वह संबंधित चीनी मिल के अधिकारियों से संपर्क करे।

उन्होंने बताया कि राज्य की 15 चीनी मिलों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 1 लाख 16 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 3700 हेक्टेयर अधिक है। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल से अधिक उत्पादन और चीनी रिकवरी प्राप्त करने के लिए चौड़ी-गहरी खाई तकनीक अपनाने की जरूरत है। इस विधि से गन्ने की बुवाई करने पर खेती का मशीनीकरण आसान हो जाता है और मजदूरों पर निर्भरता कम होती है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों में आमतौर पर गन्ने की बुवाई बसंत ऋतु में पारंपरिक तकनीक से की जाती है, जिससे न केवल उत्पादन कम मिलता है बल्कि चीनी की मात्रा भी कम रहती है।

उन्होंने कहा कि अधिक उत्पादन और चीनी की मात्रा प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि गन्ने की बुवाई अस्सू माह (सितंबर-अक्टूबर) के दौरान की जाए। इससे फसल को पकने के लिए अधिक समय मिलेगा, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ चीनी मिलों को भी अधिक चीनी रिकवरी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि अस्सू माह में गन्ने की फसल के साथ अन्य फसलों को अंतरफसल के रूप में लेकर किसान अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में मजदूरों की कमी की समस्या के समाधान के लिए जरूरी है कि अस्सू के गन्ने की बुवाई चौड़ी-गहरी खाई तकनीक के माध्यम से 4 से 5 फीट की दूरी पर की जाए। इस तकनीक से गन्ने की खेती की लागत कम होती है, उत्पादन बढ़ता है, पानी की बचत होती है, अधिक उपज प्राप्त होती है और कृषि कार्य भी आसान हो जाते हैं। इस मौके पर मौजूद किसानों ने पंजाब सरकार से मांग की कि गन्ने की खेती को आधुनिक तकनीक के माध्यम से करने के लिए गन्ना किसानों के पास नई मशीनरी उपलब्ध होना जरूरी है। इसलिए गन्ने की खेती के लिए आवश्यक कृषि मशीनरी सब्सिडी पर उपलब्ध करवाई जाए।

नवनियुक्त सरपंचों को ओ.एस.आर. और ग्राम पंचायत विकास योजना से संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू) : सरपंचों को जिला स्तर पर ओ.एस.आर. (ह्2ठ्ठ स्थह्वह्म्ड्ड ऋ1द्गठ्ठह्वद्ग) तथा विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं संबंधी जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आज शिव कुमार बटालवी ऑडिटोरियम, बटाला में आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों से संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं के विशेषज्ञों एवं नोडल अधिकारियों द्वारा सरपंचों को योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर डेरा बाबा नानक के विधायक गुरदीप सिंह रंधावा, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) गुरप्रीत सिंह गिल, डीडीपीओ हरप्रीत सिंह, मनदीप सिंह गिल, जिला प्रधान गुरदासपुर, श्री हरगोबिंदपुर साहिब से वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह लाडी, दीनानगर के हलका इंचार्ज शमशेर सिंह, चेयरमैन निशान सिंह रंधावा, बीडीपीओ बलजीत सिंह, जिला परिषद सदस्य मित्रमान सिंह, अमरीक सिंह सरपंच गांव चूहेवाल सहित विभिन्न गांवों के सरपंच मौजूद थे। इस अवसर पर बातचीत करते हुए विधायक गुरदीप सिंह रंधावा ने कहा कि नवनिर्वाचित सरपंचों को विभिन्न विभागों में चल रही फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई है। इससे उन्हें गांवों में सर्वांगीण विकास करवाने में काफी सहायता मिलेगी और गांवों में व्यापक स्तर पर विकास कार्य करवाए जा सकेंगे। इस अवसर पर पेडा (PEDA) से विशेष रूप से पहुंचे रोहित कुमार ने सोलर लाइटों संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांवों में सोलर लाइटें लगाने के लिए 70 प्रतिशत राशि सरकार द्वारा तथा 30 प्रतिशत राशि पंचायतों द्वारा पेडा को अदा की जाएगी। इसी प्रकार ग्रामीण विकास मंत्रालय विभाग द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम तथा सांसद आदर्श ग्राम योजना संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जल सप्लाई एवं सैनिटेशन विभाग द्वारा जल जीवन मिशन/अटल भूजल योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा समग्र शिक्षा अभियान तथा मिड-डे मील योजना एवं प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत पोषण संबंधी सहायता के राष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विभाग द्वारा पोषण अभियान, मान्य किशोरी सशक्त नारी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना संबंधी जानकारी दी गई।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक – रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) – हेमन्त मित्तल। चेयरमैन– श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर – धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी–4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा – 132117 से मुद्रित। दूरभाष~ प्रेस कार्यालय – 01762–505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आवाज भारती
6 मोहाली, शुक्रवार
4 सितंबर 2026

आयो जी आयो बांके बिहारी का जन्मदिन आयो...



मथुरा-वृंदावन में जन्माष्टमी के विविध रंग

द्वारकाधीश मंदिर में निकलती है झांकियां तो बांके बिहारी मंदिर में मंगला आरती

जन्माष्टमी आते ही देशभर में कृष्ण भक्ति का माहौल बन जाता है। मथुरा और वृंदावन में इस त्योहार की रौनक कुछ अलग ही नजर आती है। आखिर यही वह ब्रज भूमि है, जिसे भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि और उनकी बाल लीलाओं से जोड़ा जाता है। गलियों से लेकर मंदिरों तक हर तरफ कान्हा के नाम की गूंज सुनाई देती है। कहीं रात के समय कृष्ण जन्म का इंतजार होता है तो कहीं मंदिरों में बाल गोपाल का खास श्रृंगार किया जाता है। जन्माष्टमी के मौके पर मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में विशेष पूजा और जन्मोत्सव की तैयारियां होती है। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में जन्माष्टमी का सबसे खास पल आधी रात का होता है। मान्यता के अनुसार, भगवान कृष्ण का जन्म कंस की जेल में आधी रात के समय हुआ था। इसलिए यहां जन्माष्टमी की रात जैसे-जैसे नजदीक आती है, भक्तों का उत्साह भी बढ़ता जाता है। मध्यरात्रि में कृष्ण जन्मोत्सव, पूजा, आरती और अभिषेक जैसे कार्यक्रमों के साथ कान्हा के जन्म की खुशी मनाई जाती है। जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आधी रात का समय सबसे खास माना जाता है। मथुरा का द्वारकाधीश मंदिर भी जन्माष्टमी के दौरान आकर्षण का केंद्र बन जाता है।

यहां भगवान कृष्ण के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जन्माष्टमी के मौके पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाता है। कृष्ण के जीवन से जुड़ी झांकियां धार्मिक माहौल को और खास बनाते हैं। जन्माष्टमी के मुख्य दिन विशेष श्रृंगार और रात में जन्मोत्सव जैसे कार्यक्रम भी देखने को मिलते हैं। वहीं, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की जन्माष्टमी की सबसे खास परंपराओं में से एक यहां की मंगला आरती है। इस मंदिर में आम दिनों में मंगला आरती नहीं होती और जन्माष्टमी के मौके पर ही साल में एक बार यह खास आरती की जाती है। इस आरती को देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त रात में ही मंदिर पहुंचते हैं। बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। कृष्ण जन्म के बाद अभिषेक और आरती की जाती है और अगले दिन नंदोत्सव होता है। नंदोत्सव में भक्त कान्हा के जन्म की खुशी मनाते हैं, गीत गाते हैं और मिठाई बांटते हैं। इस तरह यहां जन्माष्टमी का उत्सव जन्म से लेकर नंद के घर आई खुशी तक मनाया जाता है। उधर, वृंदावन का इस्कॉन कृष्ण-बलराम मंदिर भी जन्माष्टमी के दौरान भक्तों से गुलजार रहता है। यहां कृष्ण भक्ति का माहौल भजन, कीर्तन और पूजा के साथ बनता है।

वहीं, प्रेम मंदिर भी जन्माष्टमी के दौरान वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं के आकर्षण का बड़ा केंद्र रहता है। यहां मंदिर की सजावट और रोशनी के बीच कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाता है। जन्माष्टमी पर रात 9 बजे से रात 1 बजे तक भजन-कीर्तन, अभिषेक, भोग, आरती और झूले जैसे कार्यक्रम रखे जाते हैं।

श्री कृष्णा जन्मोत्सव आज

हिंदू धर्म में पंचांग का काफी महत्व होता है। कोई शुभ काम, यात्रा, निवेश या पूजा-पाठ करने से पहले पंचांग जरूर देखा जाता है। पंचांग हिंदू काल-गणना पद्धति है जो सूर्य, चंद्रमा और अन्य ग्रहों की स्थिति पर आधारित है। 4 सितंबर 2026 (शुक्रवार) को भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि रात 12:13 बजे तक रहेगी। इसके बाद नवमी तिथि शुरू हो जाएगी। इस दिन कृष्ण जन्माष्टमी है और भगवान श्रीकृष्ण (लड्डू गोपाल) की पूजा की जाती है। शुक्रवार को गृहस्थ लोग जन्माष्टमी मनाएंगे। निशीथ काल पूजा रात 11:57 बजे से रात 12:43 बजे तक की जाएगी। शुक्रवार सुबह 6:13 बजे सूर्योदय और शाम 6:38 बजे सूर्यास्त होगा। वहीं, रात 11:45 बजे चंद्रोदय और अगले दिन सुबह 01:00 बजे चंद्रास्त होगा। पंचांग के अनुसार, 2 सितंबर 2026 को सूर्य पूर्व फाल्गुनी नक्षत्र में रहेगा जबकि चंद्रमा रात लगभग 11:04 बजे तक रोहिणी नक्षत्र में रहेगा। इसके बाद मृगशिरा नक्षत्र शुरू हो जाएगा। शुक्रवार दोपहर लगभग 03:44 बजे तक हर्षण योग रहेगा, इसके बाद वज्र योग शुरू हो जाएगा। अभिजित मुहूर्त दोपहर 12:01 बजे से 12:50 तक रहेगा। यह दिन का सबसे शुभ समय माना जाता है। अमृत काल रात 8:02 से 09:32 बजे तक रहेगा। वहीं, राहुकाल सुबह 10:52 बजे से दोपहर 12:25 बजे और गुलिक काल सुबह 7:46 से 9:19 बजे तक रहेगा। इसके अलावा, यमगंड काल दोपहर 3:31 से दोपहर 5:05 बजे तक रहेगा। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार, इस समय में नए कार्य शुरू करने से बचना चाहिए क्योंकि इन्हें अशुभ समय माना जाता है।

शुक्रवार को इस दिन सूर्य सिंह राशि में स्थित रहेगा जबकि चंद्रमा वृषभ राशि में स्थित रहेगा। पश्चिम दिशा में दिशाशूल रहेगा। ज्योतिष और वास्तु के मुताबिक, इस दिशा में यात्रा करने से बचना चाहिए। यदि यात्रा करना अनिवार्य हो, तो कुछ विशेष ज्योतिषीय उपायों को अपनाकर प्रस्थान किया जा सकता है।

कुमाऊं का दूसरा सबसे बड़ा वैष्णवी शक्तिपीठ है मां दूनागिरी मंदिर, जानें पौराणिक कथा

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित मां दूनागिरी मंदिर आस्था और अध्यात्म का एक प्रमुख केंद्र है। अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट क्षेत्र में ऊंची पहाड़ी पर बसा यह मंदिर 51 शक्ति पीठों में से एक माना जाता है। साथ ही, यह कुमाऊं क्षेत्र का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण वैष्णवी शक्तिपीठ में से एक है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को करीब 500 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं लेकिन मान्यता है कि सच्चे मन से दर्शन करने वालों की हर मनोकामना पूरी होती है। पौराणिक कथाओं से जुड़ा यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी प्रसिद्ध है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को भी मंदिर की भव्यता के बारे में बताया। साथ ही, लोगों से एक बार मंदिर दर्शन करने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो पोस्ट कर लिखा, ÷अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट इलाके में

मौजूद मां दूनागिरी मंदिर आस्था, अध्यात्म और प्राकृतिक सुंदरता का एक दिव्य संगम है। मां आदिशक्ति भगवती को समर्पित यह पवित्र धाम अनगिनत भक्तों की श्रद्धा का केंद्र है। नवरात्रि के पावन मौके पर यहां खास पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यक्रम होते हैं, जिसके दौरान भक्त दूर-दूर से माँ के दर्शन के लिए आते हैं। अल्मोड़ा जिले में आने पर इस दिव्य मंदिर के दर्शन जरूर करें।

मां दूनागिरी मंदिर, में मां दुर्गा के वैष्णवी रूप (मां दूनागिरी देवी) की पिंडी रूप में पूजा की जाती है। इसे कुमाऊं क्षेत्र का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण वैष्णवी शक्तिपीठ माना जाता है।

रामायण का इतिहास रामायण और महाभारत काल से जुड़ा माना जाता है। इसके अनुसार, जब हनुमान जी लक्ष्मण जी के लिए संजीवनी बूटी लाने वास्ते द्रोणागिरी पर्वत को ले जा रहे थे, तब इस पर्वत का एक हिस्सा यहां गिरा था। ऐसा भी कहा जाता है कि पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य ने यहां तपस्या की थी।

भारत के ज्यादातर देवी मंदिर में नारियल फोडने की प्रथा रहती है, लेकिन इस मंदिर ऐसा नहीं किया जाता है। दरअसल, यहां चढ़ाए जाने वाले प्रसाद (सूखे नारियल) को तोड़ा नहीं जाता है, बल्कि श्रद्धालुओं को साबुत वापस दिया जाता है। मंदिर परिसर में निरंतर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

शीतला माता की उपासना का पर्व 'थदड़ी': सिंधी समाज ने घरों में नहीं जलाया चूल्हा, ठंडे व्यंजनों का लगाया भोग

राजधानी जयपुर में सिंधी समाज का पारंपरिक और आस्था से जुड़ा पर्व 'थदड़ी' श्रद्धा एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिंधी समाज की महिलाओं ने नए वस्त्र धारण कर मंगल गीत गाते हुए भगवान श्री झूलेलाल मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने मां शीतला से परिवार के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। एक दिन पहले तैयार किए जाते हैं विशेष पकवान थदड़ी पर्व की सबसे खास परंपरा यह है कि इस दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता। पर्व के लिए आवश्यक मीठे और नमकीन व्यंजन एक दिन पहले ही तैयार कर लिए जाते हैं। शीतला माता को पहले से बने ठंडे व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाता है, जिसके बाद परिवार के सदस्य इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर सिंधी समाज के पारंपरिक व्यंजन खोरक, चोपा, मीठी मानी, टिक्की, खीरोणी और पकोड़ी विशेष रूप से तैयार किए जाते हैं। इन पारंपरिक पकवानों से घरों में पर्व का अलग ही उत्साह देखने को मिलता है।

शांति, संयम और आरोग्य का संदेश देता है पर्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार थदड़ी केवल ठंडे भोजन का पर्व नहीं है, बल्कि यह जीवन में शांति, संयम और सकारात्मकता अपनाने का संदेश भी देता है। इस दिन श्रद्धालु क्रोध, घमंड, ईर्ष्या और नकारात्मक विचारों को त्यागकर प्रेम, सद्भाव और पारिवारिक एकता बनाए रखने का संकल्प लेते हैं। मान्यताओं के अनुसार इस पर्व का संबंध आरोग्य, स्वच्छता और संक्रामक रोगों से बचाव की परंपराओं से भी जोड़ा जाता है। शीतला माता की उपासना के माध्यम से परिवार के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना की जाती है। थदड़ी का पर्व सिंधी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और पीढ़ियों से चली आ रही धार्मिक आस्थाओं को आज भी जीवंत बनाए हुए है।

जन्माष्टमी विशेष : देश के प्रसिद्ध कृष्ण मंदिर, जिनके पीछे छिपी हैं पौराणिक और ऐतिहासिक कहानियां

भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा में भगवान श्रीकृष्ण का विशेष स्थान है। उनके जीवन, लीलाओं और शिक्षाओं से जुड़े अनेक मंदिर देश के अलग-अलग राज्यों में आस्था का विशेष महत्व रखते हैं। इन मंदिरों की विशेषता केवल उनकी भव्यता या धार्मिक महत्व तक सीमित नहीं है, इनके पीछे पौराणिक कथाएं भी प्रचलित हैं। अनंत वासुदेव मंदिर – भुवनेश्वर में स्थित यह मंदिर बिंदु सरोवर और लिंगराज मंदिर के निकट है, जिसमें भगवान (कृष्ण), भगवान अनंत (बलराम) और देवी सुभद्रा की पूजा की जाती है। मंदिर की मुख्य विशेषता यहां का महाप्रसाद है। इसे मिट्टी के बर्तन में चूल्हे पर पकाया जाता है। पूर्वी गंगा वंश की रानी चंद्रिका देवी ने 13वीं शताब्दी में अनंत वासुदेव मंदिर का निर्माण करवाया था। हालांकि, मंदिर को लेकर मान्यता है कि पहले भी इसी स्थान पर भगवान विष्णु की मूर्ति की पूजा की जाती थी। 17वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में मराठों ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया, जिन्होंने तब तक ओडिशा (पूर्ववर्ती कलिंग) तक अपना शासन फैला लिया था। यहां जन्माष्टमी बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन मंदिर को फूलों और दीपों से खूबसूरती से सजाया जाता है। इस्कॉन मायापुर, पश्चिम बंगाल – यह मंदिर गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय का पवित्र केंद्र माना जाता है। 15वीं शताब्दी में चैतन्य महाप्रभु ने यहीं से 'संकीर्तन आंदोलन' (हरे कृष्ण महामंत्र का प्रचार) की शुरुआत की थी। बताया जाता है कि वर्तमान में मायापुर में दुनिया का सबसे बड़ा वैदिक मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। इस विशाल मंदिर के निर्माण का सपना श्रील प्रभुपाद का था। नवद्वीप धाम – सन

1486 में फाल्गुन पूर्णिमा के दिन नदिया (पश्चिम बंगाल) के नवद्वीप धाम में चैतन्य महाप्रभु का जन्म हुआ था। गौड़ीय संप्रदाय के शास्त्रों के अनुसार, नवद्वीप को 'गुप्त वृंदावन' कहा जाता है। माना जाता है कि भगवान श्री कृष्ण ने राधा रानी के भावों को समझने और स्वयं एक भक्त का आनंद लेने के लिए चैतन्य महाप्रभु के रूप में अवतार लिया था। महाप्रभु ने नवद्वीप की गलियों से ही मृदंग और करताल के साथ 'हरे कृष्ण' महामंत्र का सामूहिक कीर्तन शुरू किया था। मात्र 24 वर्ष की आयु में, चैतन्य महाप्रभु ने नवद्वीप के कटवा नामक स्थान पर केशव भारती से संन्यास की दीक्षा ली और उनका नाम 'कृष्ण चैतन्य' पड़ा। जब वे नवद्वीप छोड़कर जा रहे थे, तो पूरे नदिया क्षेत्र में शोक छा गया था। उनकी पत्नी विष्णुप्रिया और माता शची देवी के विरह की कहानियां आज भी इस क्षेत्र के लोकगीतों और इतिहास में अमर हैं।

द्वारकाधीश गोपाल मंदिर (उज्जैन) – यह मंदिर अपने ऐतिहासिक और चमत्कारी चांदी के दरवाजों के लिए प्रचलित है। मंदिर का निर्माण 19वीं शताब्दी में मराठा शासक दौलतराव सिंधिया की पत्नी बायजाबाई शिंदे ने करवाया था। यह संरचना पहले सिंधिया राजघराने की संपत्ति थी, जिसे बाद में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर के रूप में स्थापित किया गया। आज यह मंदिर भक्ति, इतिहास और मराठा वास्तुकला का अद्भुत प्रतीक है। इस मंदिर के पीछे एक और विशेष परंपरा जुड़ी है, जिसे 'हरिहर पर्व' कहा जाता है। मान्यता है कि साल में एक बार जन्माष्टमी या उसके आस-पास के विशेष अवसरों पर राजा महाकाल (शिव) की सवारी रात के समय इस गोपाल मंदिर में आती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पर्व पर हरि (भगवान कृष्ण) और हर (भगवान शिव) का मिलन होता है और कई घंटों तक विशेष पूजा-अर्चना चलती है। मंदिर का मुख्य आकर्षण चांदी का दरवाजा है।

जीडीपी के आंकड़ों में गड़बड़ी के दावों को 15वें वित्त आयोग के प्रमुख ने बताया 'आधारहीन'

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। 15वें वित्त आयोग के चेयरमैन और अर्थशास्त्री एनके सिंह ने गुरुवार को उन सभी दावों को 'आधारहीन' बताया, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार ने जीडीपी ग्रोथ को अधिक दिखाने के लिए आंकड़ों में बदलाव किया है। जीडीपी के कैलकुलेशन को लेकर पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग की चिंताओं पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए सिंह ने कहा कि बेस ईयर (आधार वर्ष) बदलना और तरीका अपडेट करना एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसे देश इसलिए अपनाते हैं ताकि आर्थिक डेटा से उभरते ट्रेंड और विकास की जानकारी मिल सके। सिंह ने कहा, जहां तक मुझे पता है, सरकार पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे नया डेटा मिलता है और आर्थिक गतिविधियों के नए रूप सामने आते हैं और इस कारण देश समय-समय पर जीडीपी की कैलकुलेशन के लिए आधार वर्ष बदलते रहते हैं। उन्होंने कहा, 'इस तरह के बदलावों का मकसद अर्थव्यवस्था के ढांचे और कामकाज में आए बदलावों को ज्यादा सही ढंग से समझना है। सिंह के मुताबिक, सरकार की ओर से किए गए हालिया बदलावों को आर्थिक डेटा में हेर-फेर करने की कोशिश के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। इसके बजाय, उन्होंने इस प्रक्रिया को जीडीपी के अनुमानों को ज्यादा मजबूत और व्यापक बनाने की कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि जीडीपी की बदली हुई कार्यप्रणाली ज्यादा डेटा और आर्थिक क्षेत्रों की एक बड़ी रेंज को शामिल करती है, जिससे अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलावों को बेहतर ढंग से दिखाया जा सकता है।

सिंह ने जीडीपी ग्रोथ के ताजा आंकड़ों को भारत की बेहतर सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग से भी जोड़ा। उन्होंने बताया कि भारत ने 38 साल के अंतराल के बाद 'ए' क्रेडिट रेटिंग फिर से हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत 1988 में 'ए'-रेटेड देश था, लेकिन 1991 में यह रेटिंग खो दी थी और इस कैटेगरी में वापस आने के लिए 2026 तक इंतजार करना पड़ा। सिंह ने कहा कि यह खास तौर पर अहम है कि क्रेडिट रेटिंग में सुधार और जीडीपी के ताजा अनुमान एक ही समय पर आए। नए कैलकुलेशन के तरीके के आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। उन्होंने भारत की क्रेडिट रेटिंग में सुधार और मजबूत जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को एक साथ होने को 'खुशी का संयोग' बताया और कहा कि ये दोनों घटनाएं भारतीय अर्थव्यवस्था की अंदरूनी मजबूती और मुश्किलों से उबरने की क्षमता को दिखाती हैं।

डीएसटी की बड़ी स्ट्राइक : बंबोर रोड पर 15 लाख की स्मैक संग महिला तस्कर गिरफ्तार, 9 मोबाइल व कांटा जब्त

डेली आवाज भारती

टोंक पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसटी और सदर थाना पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर बड़ा प्रहार किया है। स्मैक व नकदी बरामदः सदर थाना इलाके के बंबोर रोड पर दबिश देकर पुलिस ने एक महिला तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 74 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत करीब 15 लाख रुपये), 15 हजार रुपये की नकदी, 9 महंगे मोबाइल फोन और एक डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किया गया।

टोकन बनाकर बिक्रीः प्राथमिक जांच में सामने आया कि महिला बंबोर रोड क्षेत्र में पैकेट और टोकन बनाकर लंबे समय से युवाओं को स्मैक बेच रही थी। पुलिस अब एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर मादक पदार्थ की सप्लाय चेन और बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज खंगालने में जुटी है।

बहरोड़ हलचल : महिला कॉलेजों में गूंजे 'हाथी घोड़ा पालकी..., दही हांडी व रासलीला की मची धूम

डेली आवाज भारती

भीटेड़ा में 9 राज बटालियन एनसीसी भर्ती में 90 छात्राओं ने दिखाया दमखम बहरोड़ (कोटपूतली-बहरोड़)। उपखंड क्षेत्र के प्रमुख महिला महाविद्यालयों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व भक्ति, सांस्कृतिक छटा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। श्रीमती नारायणी देवी महिला कॉलेज और बाबा खेतानाथ पीजी महिला कॉलेज (भीटेड़ा) में छात्राओं ने जहां रासलीला और दही हांडी प्रतियोगिता में टीम भावना का शानदार परिचय दिया, वहीं बाबा खेतानाथ कॉलेज में 9 राज बटालियन एनसीसी अलवर की भर्ती में छात्राओं ने राष्ट्र सेवा के प्रति जबर्दस्त उत्साह दिखाया। नारायणी देवी महिला महाविद्यालयः 'लड्डू गोपाल ग्रुप' ने फोड़ी दही हांडी, मुस्कान की टीम रही अव्वल श्रीमती नारायणी देवी महिला महाविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भव्य दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

मुस्कान के नेतृत्व में बाजीः ग्रुप लीडर मुस्कान खापरिया के नेतृत्व में 'लड्डू गोपाल ग्रुप' ने अद्भुत संतुलन, साहस और समन्वय का परिचय देते हुए पिरामिड बनाकर दही हांडी फोड़ी और प्रथम स्थान झटका।

प्राचार्य का संदेशः कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नीलम यादव ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें निष्काम कर्म, सत्य, न्याय और प्रेम की राह दिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से भगवान कृष्ण के आदर्शों को अपनाकर समाज में एकता और संस्कारों को मजबूत करने का आह्वान किया।

बाबा खेतानाथ महिला पीजी कॉलेज (भीटेड़ा): मनमोहक रासलीला और दही हांडी का रोमांच

भीटेड़ा स्थित बाबा खेतानाथ पीजी महिला महाविद्यालय में जन्माष्टमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियांः छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित मनोहारी रासलीला और भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा परिसर कृष्णमय हो गया।

पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था को लेकर टीएमसी ने राष्ट्रपति और राज्यपाल से मांगा मिलने का समय

डेली आवाज भारती

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और राज्यपाल आर.एन. रवि से मुलाकात के लिए समय मांगा है। पार्टी ने गुरुवार को दोनों संवैधानिक पदों पर पत्र भेजकर मुलाकात का समय देने का अनुरोध किया। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को भेजे गए पत्र में राज्य में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और पार्टी कार्यालयों पर कथित हमलों की जानकारी देने के लिए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात का आग्रह किया गया है। टीएमसी नेता के मुताबिक, राष्ट्रपति और राज्यपाल से समय मिलने के बाद पार्टी का प्रतिनिधिमंडल राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति और पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं पर कथित हमलों के मामलों को उनके सामने रखेगा। पार्टी का आरोप है कि इस साल विधानसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सत्ता संभालने के बाद से इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

राष्ट्रपति और राज्यपाल से मिलने के लिए समय मांगने का फैसला टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के गुरुवार को किए गए सोशल मीडिया पोस्ट के बाद आया। अभिषेक बनर्जी ने अपने सेंट्रल कोलकाता स्थित कैमैक स्ट्रीट कार्यालय पर गुरुवार सुबह कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले का वीडियो भी साझा किया।

इसके कुछ देर बाद अभिषेक बनर्जी ने एक और सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि पिछले एक महीने के दौरान उनके दो कार्यालयों में तोड़फोड़ और सामान की लूटपाट की गई। इनमें पहला कार्यालय दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अमतला में और दूसरा कैमैक स्ट्रीट स्थित कार्यालय है।

अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि पुलिस और भाजपा से जुड़े लोग न तो कानून की परवाह कर रहे हैं और न ही न्यायपालिका की। उन्होंने कहा कि यह अब केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं रह गया है, बल्कि कानून के शासन को खुली चुनौती देने जैसा है।

उन्होंने न्यायपालिका की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या वह कानून का शासन कायम रखने, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करेगी कि पश्चिम बंगाल में संविधान की सत्ता महज औपचारिकता बनकर न रह जाए। हालांकि, रिपोर्ट लिखे जाने तक कैमैक स्ट्रीट स्थित पार्टी कार्यालय की घटना को लेकर टीएमसी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

कैमैक स्ट्रीट स्थित अभिषेक बनर्जी के पार्टी कार्यालय को लेकर पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। पिछले सप्ताह कार्यालय की इमारत की छत से टीएमसी के एक कथित अवैध होर्डिंग को हटाए जाने के दौरान हुए विवाद के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई थी।

इस मामले में कोलकाता पुलिस पिछले दो दिनों के दौरान अभिषेक बनर्जी, उनके निजी सहायक सुमित रॉय और टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ%ब्रायन से पूछताछ कर चुकी है।

मध्य प्रदेश: चित्रकूट में उफान पर मंदाकिनी; 1,438 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

डेली आवाज भारती

सतना। मध्य प्रदेश के सतना जिले के चित्रकूट में बाढ़ का पानी 50 से ज्यादा गांवों को प्रभावित कर रहा है, जिसके चलते कम से कम 1,438 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ दिन-रात राहत और बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। सतना में भारी बारिश और मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण 29 अगस्त से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। कई निचले इलाके जलमग्न हैं, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। जिला मजिस्ट्रेट पुलकित गर्ग ने बताया कि बाढ़ से अब तक करीब 650 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 70 घर पूरी तरह ढह गए हैं। प्रशासन प्रभावित इलाकों का सर्वे कर रहा है और जोखिम वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचा रहा है। निकाले गए परिवारों के लिए राहत शिविर बनाए गए हैं और प्रभावित लोगों को जरूरी सामान बांटा जा रहा है। एनडीआरएफ ने 1,438 लोगों को सुरक्षित निकाला है, जबकि एसडीआरएफ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों से करीब 100 लोगों को बचाया है। जोखिम वाले इलाकों में बचाव कर्मियों को तैनात किया गया है और वे नावों व अन्य उपकरणों का इस्तेमाल करके बाढ़ के पानी से घिरे या फंसे लोगों तक पहुंच रहे हैं। डीएम पुलकित गर्ग ने गुरुवार को बताया कि बाढ़ के कारण कोतवाली कर्वी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत बराछी ग्राम पंचायत में एक दुखद घटना हुई, जहां भारी बारिश के बाद एक कच्चा घर ढह गया, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन प्रभावित परिवार को मदद पहुंचा रहा है और इलाके में राहत कार्य चला रहा है। मंदाकिनी नदी चिंता का मुख्य कारण बनी हुई है, जिसका जलस्तर खतरे के निशान के करीब लगभग 138.52 मीटर दर्ज किया गया है। प्रशासन ने कहा कि और बारिश की संभावना को देखते हुए स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। बाढ़ का असर आस-पास के इलाकों में भी देखा गया है। मैहर में मुकुंदपुर मार्ग को बंद कर दिया गया क्योंकि पुलों के ऊपर से पानी बहने लगा था, जिससे सड़क संपर्क प्रभावित हुआ। गुरुवार को मध्य प्रदेश में मौसम की स्थिति सक्रिय बनी रही। मौसम विभाग ने टीकमगढ़ और दमोह में बहुत ज्यादा बारिश के लिए रेड अलर्ट और ग्वालियर, भिंड, दतिया, गुना, अशोकनगर, छतरपुर, निवाड़ी, पन्ना, सागर, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा समेत 13 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

नगर खेड़ा मंदिर कमेटी की ओर से कुराली में निकाली गई विशाल शोभायात्रा, भगवान श्रीकृष्ण के मनमोहक स्वरूपों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

डेली आवाज भारती

कुराली/मनीष। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर खेड़ा मंदिर कमेटी की ओर से कुराली शहर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ डेरा बाबा गोसाईवाला मंदिर से हुआ। धार्मिक आस्था और उल्लास से भरी इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, शहरवासियों, युवाओं, कमेटी सदस्यों तथा गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में सबसे आगे हाथी, घोड़े और ऊंट आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। इनके पीछे नासिक से आए बैंड ने अपनी शानदार प्रस्तुति से माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। बैंड की धार्मिक धुनों ने श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया और पूरा शहर जन्माष्टमी के रंग में रंगा नजर आया। इसके बाद नगर खेड़ा मंदिर कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य, गणमान्य व्यक्ति, भाजपा नेता भानु प्रताप सहित बड़ी संख्या में युवा और श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। रास्ते में शहरवासियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और धार्मिक झांकियों के दर्शन किए।

शोभायात्रा अनाज मंडी से होते हुए रेलवे रोड, बस स्टैंड तथा शहर के विभिन्न बाजारों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने अपने मोबाइल फोन से शोभायात्रा की तस्वीरें और वीडियो बनाकर इस धार्मिक आयोजन की यादें संजोईं। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी और गोपियों के मनमोहक स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सुंदर धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। लोगों ने झांकियों के दर्शन कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। जन्माष्टमी के इस धार्मिक आयोजन को लेकर कुराली शहर में जगह-जगह विभिन्न प्रकार के स्टॉल भी लगाए गए। श्रद्धालुओं और शहरवासियों के लिए प्रसाद एवं अन्य सेवाओं की व्यवस्था की गई। लोगों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ इन सेवाओं का लाभ उठाया। शोभायात्रा के अंतिम पड़ाव नगर खेड़ा मंदिर पहुंचने पर धार्मिक वातावरण और भी उत्साहपूर्ण हो गया। पूरे आयोजन के दौरान कुराली शहर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर नजर आया।

नगर निकाय चुनाव और आहत अवाम : रील में चमकती राजधानी, कीचड़ में सिसकती जिन्दगानी


नगर निकाय चुनाव और
आहत अवाम :
रील में चमकती राजधानी,
कीचड़ में सिसकती ज़िंदगानी
Reels
#JaipurThePinkCity
इतनी सत्ता, इतने विभाग फिर भी शहर की यह हालत है— सवाल पार्षदों का नहीं, व्यवस्था और जवाबदेही का है!
जयपुर में केवल काफिले दौड़ रहे, विकास का रूट नहीं लग पाया! माननीयों ने रील को ही रियल विकास मान लिया है!
सूबे का हर घर खँगाला जायेगा, नित नया जुमला उछाला जायेगा, चुनावी दौर है—बाद में छीना निवाला जायेगा।
VS
#UGCROLLBACK #ReservationsReforms पर चुप्पी, और निकाय चुनाव हुक्मरानों की आँखें खोल देंगे!
चुनाव जीते, फिर रुख तक नहीं किया, समस्याएं गिनाई तो ब्लॉक कर दिया गया!
गड्ढे, सीवर कचरा, ट्रैफिक ये है हकीकत!
हकीकत कड़वी है
हुक्मरानों! जनता के सब्र का बाँध टूटा, तो लवाजमे और सहारे सब बह जाया करेंगे!

जयपुर। बात जब राजधानी की साख और जनता के सब्र की हो, तो कलम का तल्ख होना लाजिमी है। राजस्थान में नगर निकाय चुनावों की बिसात क्या बिछी, सत्ता प्रतिष्ठान के दावों और वादों का मुलम्मा सोशल मीडिया की डिजिटल चौपालों पर उतरता नजर आ रहा है। यह महज किसी विपक्षी दल का प्रायोजित प्रलाप नहीं, बल्कि उस आम शहरी और नौजवान का संचित आक्रोश है जो रोज़ सुबह गड्ढों, उफनते सीवरों और कचरे के अंबार से जूझते हुए घर से निकलता है।

एक जागरूक नागरिक ने सीधे सत्ता के शीर्ष पर उंगली रखते हुए जो लिखा, वह आँखें खोलने के लिए काफी हैः ÷मुख्यमंत्री (8 विभाग), दो उपमुख्यमंत्री (10 विभाग) और एक सीनियर मंत्री (6 विभाग) वाले जयपुर शहर में गड्ढों, सीवर, सड़कों, नालियों, ट्रैफिक और कचरे की स्थिति देखकर अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि भाजपा को एक-एक पार्षद जिताने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की मदद क्यों लेनी पड़ रही है। इतनी सत्ता, इतने विभाग और इतना प्रशासनिक नियंत्रण, फिर भी शहर की यह हालत है–तो सवाल पार्षदों का नहीं, व्यवस्था और जवाबदेही का है।

यह टिप्पणी किसी दफ्तर में बैठकर लिखी गई सियासी पटकथा नहीं, बल्कि गुलाबी नगर की बदहाली का कड़वा एक्स-रे है। लोग पूछ रहे हैं कि जिस शहर में सरकार के सबसे ताकतवर चेहरे निवास करते हों, उसी शहर के रोहिणी विहार और भढाणा जैसे इलाकों में आम इंसान का पैदल निकलना दूभर क्यों है?

शहर के दर्द को बयां करते हुए एक अन्य यूज़र ने इतिहास के पन्नों को खंगाल डाला–

जयपुर में केवल काफिले ही दौड़ रहे हैं, विकास का रूट नहीं लग पाया! विकास इतने माननीयों की रस्साकशी के बीच फंसा है कि शहर के 298 साल के इतिहास में यह सबसे बुरी स्थिति है। 1981 की विनाशकारी बाढ़ में भी इतना नुकसान नहीं हुआ होगा जितना आज की प्रशासनिक बेरुखी से हो रहा है। माननीयों ने सोशल मीडिया की 'रील' (Reel) को ही 'रियल' (Real) विकास मान लिया है!

बात यहीं नहीं थमती। चुनाव आते ही दावों और वायदों की जो बरसात होती है, उस पर एक तल्ख शेर के जरिए जनता ने आईना दिखाया है–

सूबे का हर घर खँगाला जायेगा,
नित नया जुमला उछाला जायेगा,
हो न क्यों–आखिर चुनावी दौर है,
बाद में छीना निवाला जायेगा।'

एक तरफ नौजवान यूजीसी रोलबैक (#UGCROLLBACK) और आरक्षण सुधारों (#ReservationsReforms) पर सरकार की चुप्पी को लेकर चेता रहे हैं कि निकाय चुनावों के नतीजे हुक्मरानों की आँखें खोल देंगे; तो दूसरी तरफ जगतपुरा की आरएएस (RAS) कॉलोनी जैसे पॉश इलाकों के बाशिंदे लाचारी जता रहे हैं कि चुनाव जीतने के बाद माननीय विधायक जी ने इलाके का रुख तक नहीं किया और जब सोशल मीडिया पर समस्याएं गिनाईं, तो ब्लॉक कर दिया गया।

नौकरशाही के बेलगाम होने और जनप्रतिनिधियों के रील-संस्कृति में खो जाने की यह गूंज ईवीएम तक क्या गुल खिलाएगी, यह तो वक्त बताएगा। मगर हुक्मरानों को यह समझ लेना चाहिए कि जनता के सब्र का बांध जब टूटता है, तो भारी-भरकम लवाजमे और प्रशासनिक सहारे भी धाराशायी हो जाया करते हैं।

प्रेमचंद बैरवा का कांग्रेस पर हमला

बोल- दलित जिला अध्यक्ष पर हमला करना निंदनीय

डेली आवाज भारती

जयपुर। बीकानेर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल के साथ उन्हीं के पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई मारपीट और अभद्र व्यवहार के मामले में राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि किसी दलित नेता के साथ ऐसा व्यवहार शोभा नहीं देता है। प्रेमचंद बैरवा ने गुरुवार को आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ÷जिस तरह से बीकानेर के जिलाध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लातों-घूंसों से हमला किया, यह निंदनीय है। कांग्रेस हमेशा से दलित विरोधी रही है और उन्होंने कल यह परिचय फिर दिया।÷ डिप्टी सीएम ने कहा, ÷कल तक तो कांग्रेस का कोई भी पदाधिकारी या बड़ा नेता इस पर बयान देने से बच रहा था लेकिन अब पता लगा है कि कुछ लोगों पर कार्रवाई करके उन्हें निष्कासित किया गया है। पुलिस कार्रवाई भी होगी। इस तरह की अशोभनीय हरकतें और जिला अध्यक्ष पर हमला होना कांग्रेस की अंदरूनी फूट को दिखाता है। एक दलित जिला अध्यक्ष के ऊपर इस तरह का हमला करना निंदनीय है और हम इसकी निंदा करते हैं।

वहीं, राम मंदिर ट्रस्ट में पूर्व एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) जितेंद्र मिश्रा की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्ति को लेकर डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा, ÷मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देता हूं। नए सीईओ राम मंदिर में बहुत अच्छा काम करेंगे। वे बहुत अनुभवी व्यक्ति हैं और आने वाले समय में वहां बहुत अच्छा काम होगा।÷

गौरतलब है कि बीकानेर की घटना के बाद राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दो पूर्व पार्षदों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने दीपक अरोड़ा और मोहित अरोड़ा को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया है। वहीं, भाजपा इसे दलित उत्पीड़न और कांग्रेस की गुटबाजी से जोड़कर हमलावर है।

अमृतसर में अवैध हथियार आपूर्ति नेटवर्क का पर्दाफाश

अमृतसर में अवैध हथियार आपूर्ति नेटवर्क का पर्दाफाश, 8 पिस्तौलों समेत दो गिरफ्तार

गिरफ्तार किए गए आरोपी सोशल मीडिया एप्लिकेशनों के द्वारा विदेशी तस्करों के संपर्क में थेः डीजीपी गौरव यादव

डेली आवाज भारती क्राइम

चंडीगढ़/अमृतसर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए छेड़ी गई मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने दो व्यक्तियों को .30 बोर की आठ अवैध पिस्तौलों और 103 जिंदा कारतूसों समेत गिरफ्तार कर अवैध हथियार आपूर्ति नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान रणजीत सिंह उर्फ जीता (24) निवासी गांव बैंका, तरन तारन और गुरबीर सिंह उर्फ गोरा (32) निवासी गांव तारा सिंह, तरन तारन के रूप में हुई है। आरोपी रणजीत उर्फ जीता आपराधिक पृष्ठभूमि वाला आरोपी है और उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम और विस्फोटक अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उक्त आरोपी कथित तौर पर सोशल मीडिया एप्लिकेशनों के माध्यम से विदेशी तस्करों के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी अवैध विदेशी हथियारों की खेपें प्राप्त करके राज्य में आपराधिक तत्वों को आपूर्ति कर रहे थे। डीजीपी ने बताया कि इस मामले के आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने और अवैध हथियार आपूर्ति नेटवर्क से जुड़े सभी व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए, पुलिस आयुक्त (सीपी) अमृतसर हरमनबीर सिंह गिल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने गुरुद्वारा बोहड़ी साहिब रोड के पास नाका लगाया और रणजीत सिंह उर्फ जीता को एक .30 बोर पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूसों समेत गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आगे की जांच के दौरान, उसके कब्जे से चार अन्य .30 बोर पिस्तौलें और 100 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

राघव चड्ढा का आरोप- 'आप' सरकार ने राजनीतिक बदले की भावना से मतदाता सूची से मेरा नाम हटाया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़ः पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने राजनीतिक बदले की भावना के तहत उनका नाम राज्य की ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटवा दिया है। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूची में उनके नाम को 'शिफ्टेड' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हाल ही में आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए चड्ढा ने कहा कि उनका नाम केवल ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटाया गया है और इसके पीछे आप नेतृत्व का हाथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के अधिकारी मतदाता सूचियों की मैपिंग और सत्यापन की प्रक्रिया में शामिल हैं तथा सरकार इन अधिकारियों के तबादलों, पोस्टिंग और करियर पर नियंत्रण रखती है। चड्ढा ने कहा कि मतदाता सूची में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की प्रक्रिया अभी जारी है और अंतिम मतदाता सूची अक्टूबर में प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बनाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आप छोड़ने के बाद से पार्टी नेतृत्व उनसे नाराज है और उनके खिलाफ पंजाब पुलिस तथा प्रशासनिक मशीनरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। चड्ढा ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध का नया उदाहरण बताते हुए पंजाब सरकार पर निशाना साधा। चड्ढा ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका वोटर आईडी मोहाली में पंजीकृत है और वह अपना वोट दिल्ली स्थानांतरित करने का प्रयास नहीं कर रहे थे, जैसा कि आप की ओर से कथित तौर पर कहा गया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि एसआईआर की विस्तृत गाइडलाइंस के पैराग्राफ 4(डी) के तहत सार्वजनिक प्रतिनिधियों सहित कुछ श्रेणियों के लोगों के नामों को ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल करने का प्रावधान है। उनके अनुसार, यदि उनका नाम किसी कारण से चिन्हित किया गया था, तब भी निर्देशों के तहत उसे ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किया जाना चाहिए था। वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से कहा गया है कि मतदाता सूची निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित की जाती है और नाम जोड़ने या हटाने का फैसला राज्य सरकार नहीं करती। पार्टी के अनुसार, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया जारी है और अंतिम मतदाता सूची अक्टूबर में जारी की जाएगी।

मिसल सतलुज की ओर से पुआध क्षेत्र में नए दफ्तर का उद्घाटन

हरजीत सिंह खिजराबाद को सौंपी पुआध क्षेत्र की अहम जिम्मेदारी

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): पंजाब में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं इसी कड़ी के तहत जत्थेबंदी मिसल सतलुज की ओर से पुआध क्षेत्र के कुराली इलाके में नए दफ्तर की शुरुआत की गई। दफ्तर का उद्घाटन मिसल सतलुज के प्रधान अजय पाल सिंह बराड़ ने किया। दफ्तर के उद्घाटन के मौके पर सतिगुरु श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का ओट-आसरा लेते हुए श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ करवाया गया तथा सरबत के भले के लिए अरदास की गई इसके बाद समारोह में पहुंची संगत और गणमान्य सज्जनों का हरजीत सिंह खिजराबाद तथा मनदीप सिंह खिजराबाद की ओर से धन्यवाद किया गया। इस मौके पर मिसल सतलुज के प्रधान अजय पाल सिंह बराड़ ने संगत और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जत्थेबंदी की नीतियों, विचारधारा और भविष्य की योजनाओं संबंधी जानकारी दी उन्होंने कहा कि जत्थेबंदी की ओर से पंजाब के लोगों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा लोगों के साथ सीधा संपर्क कायम करने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अजय पाल सिंह बराड़ ने कहा कि मिसल सतलुज की ओर से पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की जा रही है उन्होंने कहा कि जत्थेबंदी आनंदपुर साहिब के प्रस्ताव को अपना मुख्य वैचारिक आधार मानते हुए पंजाब के हकों, हितों और भविष्य से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने कहा कि कुराली में शुरू किया गया यह नया दफ्तर पुआध क्षेत्र के लोगों के साथ संपर्क का अहम केंद्र बनेगा। दफ्तर में इलाके के लोगों के साथ बैठकें कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने जाएंगे तथा लोगों की आवाज को जत्थेबंदी के आगामी कार्यों में शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे। अजय पाल सिंह बराड़ ने कहा कि मिसल सतलुज का मकसद केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि पंजाब की तरक्की और खुशहाली, पंजाब के हकों की रक्षा तथा नौजवानों के बेहतर भविष्य के लिए काम करना भी है उन्होंने कहा कि पंजाब के नौजवानों को अपने ही सूबे में बेहतर अवसर मिलें, इसके लिए ठोस सोच के साथ काम करने की जरूरत है।

गैंगस्टरों, जबरन वसूली और संगठित अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग को दी जाएगी प्राथमिकता : एसएसपी वरुण शर्मा, आईपीएस

डेली आवाज भारती

मोहाली, भार्गव गोयल। आई पी एस वरुण शर्मा, ने आज आधिकारिक रूप से जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर के एस एस पी का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के उपरांत अपनी पहली मीडिया ब्रीफिंग के दौरान एस एस पी वरुण शर्मा ने अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नागरिकों की सुरक्षा, संगठित अपराध के उन्मूलन तथा लोगों के लिए सुलभ और जवाबदेह पुलिस प्रशासन के प्रति पंजाब पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई। एस एस पी शर्मा ने उन पर विश्वास जताते हुए जिला पुलिस की कमान सौंपने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी देने के लिए, पंजाब के मुख्यमंत्री तथा पुलिस महानिदेशक (डी जी पी), पंजाब का आभार व्यक्त किया। अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए एस एस पी ने कहा कि संगठित अपराध और गैंगस्टरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठित अपराध, जबरन वसूली के रैकेट और गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्ट्रीट क्राइम को रोकने और सतर्कता को और मजबूत करने के लिए मोहाली पुलिस द्वारा रात्रि डोमिनेशन ऑपरेशन को और तेज किया जाएगा। इसके अलावा, रणनीतिक रूप से स्थायी और मोबाइल नाकाबंदी की जाएगी।

कोटकपूरा गोलीकांड मामले में सुखबीर बादल समेत अन्य आरोपी चंडीगढ़ कोर्ट में पेश

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को कोटकपूरा गोलीकांड और बेअदबी से जुड़े अन्य मामलों में चंडीगढ़ की अदालत में पेश हुए। उनके साथ मामले में आरोपी अन्य लोग भी अदालत पहुंचे। सुनवाई को देखते हुए अदालत परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से पेश वकीलों ने अदालत से लंबित जांच की स्थिति स्पष्ट करने के लिए अभियोजन पक्ष को निर्देश देने का अनुरोध किया। बचाव पक्ष ने कहा कि पंजाब पुलिस की ओर से की जा रही जांच को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस पर अदालत ने अभियोजन पक्ष को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई पर सभी संबंधित मामलों में लंबित जांच की स्थिति स्पष्ट की जाए। इससे पहले 10 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान पंजाब पुलिस ने सरकारी वकील के माध्यम से कोटकपूरा और बहबल कलां गोलीकांड मामलों में लंबित जांच से संबंधित स्थिति रिपोर्ट अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की थी। बेअदबी से जुड़े कोटकपूरा के मामलों में गोलीकांड और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित मामलों की सुनवाई पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश पर अप्रैल में चंडीगढ़ की सत्र अदालत में स्थानांतरित की गई थी। कोटकपूरा गोलीकांड की घटना 14 अक्टूबर 2015 को हुई थी। इससे पहले जून और सितंबर 2015 में बरगाड़ी और बुर्ज जवाहर सिंह वाला गांवों के गुरुद्वारों में बेअदबी की घटनाएं सामने आई थीं। इन घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस की ओर से गोली चलाए जाने की घटना कोटकपूरा में हुई थी। इसी अवधि में बहबल कलां में भी गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हुई थी। कोटकपूरा गोलीकांड में कई अन्य लोग घायल हुए थे। मामले में पंजाब पुलिस के कई वरिष्ठ और पूर्व अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है।

10 सितंबर से दिल्ली-हलवारा एयर इंडिया फ्लाइट का बदलेगा समय

लुधियानाः हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिल्ली के बीच चलने वाली एयर इंडिया की दोपहर की फ्लाइट के समय में 10 सितंबर से बदलाव किया जा रहा है। हलवारा एयरपोर्ट के डायरेक्टर जागीर सिंह ने बदलाव की पुष्टि करते हुए बताया कि 10 सितंबर से दिल्ली से आने वाली दोपहर की फ्लाइट 3ः35 बजे हलवारा पहुंचेगी, जबकि हलवारा से दिल्ली के लिए यही फ्लाइट 4ः05 बजे रवाना होगी। उन्होंने बताया कि एयर इंडिया की सुबह वाली फ्लाइट के समय में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। दोपहर की फ्लाइट के समय में बदलाव नियमित यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नए समय का यात्रियों ने स्वागत किया है। हलवारा से नियमित यात्रा करने वाले डॉ. गौहर वत्सायन ने कहा कि दिल्ली से कनेक्टिंग फ्लाइट लेने वाले यात्रियों को अब अधिक समय मिलेगा। उन्होंने बताया कि वे अक्सर बेंगलुरु और मुंबई आदि शहरों की यात्रा करते हैं और पहले कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ने के लिए समय काफी कम रहता था, जिससे फ्लाइट छूटने की चिंता बनी रहती थी।

परमिंदर सिंह गोल्डी को खरड़ हलके की बड़ी जिम्मेदारी, 'आप' ने जताया भरोसा

डेली आवाज भारती



आम आदमी पार्टी पंजाब ने परमिंदर सिंह गोल्डी को खरड़ हलके का लगाया इंचार्ज

Aam Aadmi Party Punjab

Ref: AAP-PB/07-25/10331

Date: 22-07-2025

Appointment

Aam Aadmi Party Punjab hereby appoints Mr. Parminder Singh Goldi as the Incharge of the Kharar Assembly Constituency, Punjab.

This appointment is effective from the date of this letter.

Aman Arora
State President
Punjab

Rituraj Jha
State Prabhari
Punjab

Copy to:
1. Hon'ble National Convenor, Aam Aadmi Party
2. National General Secretary (Org), AAP
3. National Secretary, Aam Aadmi Party
4. State Working President, Aam Aadmi Party

खरड़/ संदीप अकालगढ़िया : आम आदमी पार्टी पंजाब की ओर से पार्टी के संगठन को और मजबूत करने तथा खरड़ हलके में पार्टी की गतिविधियों को नई गति देने के लिए परमिंदर सिंह गोल्डी को खरड़ हलके का नया इंचार्ज नियुक्त किया गया है पार्टी की ओर से उन्हें सौंपी गई यह अहम जिम्मेदारी उनकी सक्रिय भूमिका और संगठन के प्रति समर्पण पर जताए गए भरोसे के रूप में देखी जा रही है। परमिंदर सिंह गोल्डी की नियुक्ति से खरड़ हलके में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाइयां दी जा रही हैं माना जा रहा है कि गोल्डी की सक्रिय अगुवाई में हलके में पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और मजबूत होगा तथा कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल को भी बेहतर बनाया जा सकेगा। नई जिम्मेदारी मिलने पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने पार्टी हाईकमान का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह उन पर जताए गए भरोसे पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर खरड़ हलके में संगठन को मजबूत करना और लोगों के साथ सीधा संपर्क बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियों और सरकार की ओर से किए जा रहे जनहितैषी कार्यों को लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ हलके के लोगों की समस्याओं को भी प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर लोगों की सेवा में सक्रिय रहने की अपील की। परमिंदर सिंह गोल्डी को खरड़ हलके की जिम्मेदारी मिलने से पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी के साथ खरड़ हलके में आम आदमी पार्टी की गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी तथा संगठन को नई दिशा प्राप्त होगी।

पंचायती प्रतिनिधियों को सरकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने की शिरकत, सरकार के प्रयास की सराहना

डेली आवाज भारती

ਚੁਣੇ ਹੋਏ ਨੁਮਾਇੰਦਿਆਂ (PRI's) ਲਈ ਆਪਣੇ ਸਾਧਨਾਂ ਤੋਂ ਆਮਦਨ ਅਤੇ ਪ੍ਰਮੁੱਖ ਸਕੀਮਾਂ ਬਾਰੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪੱਧਰੀ ਵਰਕਸ਼ਾਪ
03rd ਸਤੰਬਰ 2026

साहिबजादा अजीत सिंह नगर, संदीप अकालगढ़िया : पंचायती संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों, विशेषकर सरपंचों और पंचों को ग्राम पंचायतों की आय के अपने स्रोत (ह्व2ठ्ठ स्थ्ह्वह्म्ष्द्ग ऋद्ध1द्गठ्ठह्वद्द), ग्राम पंचायत विकास योजना तथा सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से आज किसान विकास चैंबर के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा ने विशेष रूप से शिरकत की। विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा ने पंजाब सरकार द्वारा पंचायती प्रतिनिधियों की क्षमता बढ़ाने तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक करने के लिए किए जा रहे ऐसे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से सरपंचों और पंचों को अपने गांवों में विकास कार्यों की बेहतर योजना बनाने और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी मिलने से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आम लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा सकता है उन्होंने पंचायती प्रतिनिधियों से अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य करें। कार्यशाला के दौरान जिले के विभिन्न ब्लॉकों से संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों और पंचों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पंचायती विकास एवं प्रशिक्षण से संबंधित रिसोर्स पर्सनों द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं और स्कीमों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही, इन योजनाओं का लाभ आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के संबंध में पंचायती प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन भी दिया गया। इसके अलावा पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) के अधिकारियों द्वारा गांवों में सोलर लाइटें लगाने संबंधी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सौर ऊर्जा आधारित लाइटों के इस्तेमाल से होने वाले पर्यावरणीय एवं आर्थिक लाभों के बारे में भी सरपंचों को अवगत करवाया। इस अवसर पर श्रीमती सोनम चौधरी, अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास), श्रीमती परमबीर कौर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा जिले के सभी चार ब्लॉकों के ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) भी उपस्थित रहे।

पंजाब यूनिवर्सिटी में छात्र कल्याण के लिए सांसद सतनाम सिंह संधू ने एमपी लैड फंड से 50 लाख रुपये देने का किया ऐलान

डेली आवाज भारती

मोहाली, (संदीप अकालगढ़िया): राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने आज चंडीगढ़ में पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस स्टूडेंट्स काउंसिल (पीयूसीएससी) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंकित बिधान से मुलाकात की। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्र नेता, पूर्व काउंसिल अध्यक्ष गौरव अत्री और गौरव वीर सिंह सोहल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में छात्र कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों और पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया सांसद संधू ने छात्र कल्याण योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं के लिए एमपी लैड फंड से 50 लाख रुपये की ग्रांट देने का ऐलान किया इसमें कैंपस के अंदर विद्यार्थियों की आवाजाही के लिए ई-रिक्शा और ई-कार्ट की व्यवस्था तथा छात्राओं की सुरक्षा को और मजबूत करने जैसे कार्य शामिल हैं। सतनाम सिंह संधू ने कहा कि 50 लाख रुपये की यह राशि विद्यार्थियों की सुविधाओं में स्पष्ट और दिखाई देने वाले सुधार के रूप में सामने आनी चाहिए, ताकि कैंपस में उनका अनुभव और बेहतर हो सके उन्होंने नवनिर्वाचित काउंसिल से विद्यार्थियों की जरूरतों की पहचान कर इस राशि के उपयोग का प्रस्ताव भेजने को कहा, ताकि उसे आगे बढ़ाया जा सके और विद्यार्थियों की उम्मीदों पर खरा उतरा जा सके। बैठक के दौरान संधू ने पंजाबी परंपरा के अनुसार अंकित बिधान को फुलकारी भेंट कर सम्मानित किया तथा लगातार दूसरी बार पीयूसीएससी का अध्यक्ष पद हासिल करने पर एबीवीपी की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनादेश सम्मान की बात है, लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि यह एक जिम्मेदारी है अब ध्यान चुनावों से हटकर विद्यार्थियों की रोजमर्रा की समस्याओं, कैंपस की सुविधाओं और उनके भविष्य के लिए सार्थक अवसर तैयार करने पर होना चाहिए।

खरड़ में अकाली दल का जोरदार विरोध प्रदर्शन, केजरीवाल और मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

खेड़ा ने 'आप' सरकार पर साधा निशाना, कहा—चेहरे बदलने से नहीं, काम करने से बदलते हैं हालात

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) खरड़ विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी की सरकार के खिलाफ लोगों में बढ़ते रोष को उजागर करते हुए शिरोमणि अकाली दल की ओर से वीरवार को ब्लॉक माजरी तथा खरड़ शहर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया हलका इंचार्ज रविंदर सिंह खेड़ा के नेतृत्व में ब्लॉक माजरी की जत्थेबंदी, समूची अकाली लीडरशिप और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर 'आप' सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस दौरान दो स्थानों पर अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री तथा विधायक बीबी अनमोल गगन मान के पुतले फूंककर रोष जताया गया। इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए रविंदर सिंह खेड़ा ने कहा कि 'आप' सरकार ने खरड़ हलके के लोगों से विकास के नाम पर बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद लोगों को विकास की बजाय निराशा, बदहाल प्रशासन और कथित भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यप्रणाली से लोगों का मोहभंग हो चुका है और अब केवल हलका इंचार्ज का चेहरा बदलकर लोगों को शांत नहीं किया जा सकता।

खेड़ा ने कहा कि वर्ष 2017 से 2022 तक कंवर संधू ने खरड़ शहर का बेड़ा गर्क किया, जबकि पिछले पांच वर्षों से सत्ता का आनंद ले रही बीबी अनमोल गगन मान के कार्यकाल के दौरान रिश्वतखोरी चरम पर पहुंच गई उन्होंने आरोप लगाया कि खरड़ शहर की बदहाली के लिए बीबी अनमोल गगन मान जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि जिस परमिंदर सिंह गोल्डी को 'आप' सरकार ने अब नया हलका इंचार्ज नियुक्त किया है, वह भी सरकार में महत्वपूर्ण पद पर रहकर सत्ता का आनंद लेते रहे हैं इसलिए अब जनता उनसे भी सवाल पूछेगी। उन्होंने कहा कि जब सरकार को लोगों के सवालों के जवाब देने और अपनी कार्यप्रणाली का हिसाब देने की जरूरत थी, उस समय मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अमन अरोड़ा द्वारा परमिंदर सिंह गोल्डी को खरड़ का नया हलका इंचार्ज बनाया जाना यह साबित करता है कि 'आप' सरकार समस्याओं का समाधान करने की बजाय केवल चेहरे बदलकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। खेड़ा ने आरोप लगाया कि बीबी अनमोल गगन मान ने लोगों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने की बजाय अपने कार्यकाल के दौरान खरड़ हलके को नजरअंदाज किया उन्होंने दावा किया कि कथित तौर पर चल रही लूट-खसोट में उनके परिवार की भी हिस्सेदारी रही है। उन्होंने कहा कि इन गंभीर आरोपों पर सरकार और संबंधित नेताओं को जनता के सामने जवाब देना चाहिए।